नई दिल्ली
रविवार, 19 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 186
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 32
न्यून. 21







ऑपरेशन सिंदूर तो बस एक ट्रेलर था...

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में चार ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई हरी-झंडी

# ब्रह्मोस की रेंज में है पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीनः राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तो देश की क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाला सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल की रेंज में है।

इस सैन्य अभियान ने दुश्मन देश को यह अहसास करा दिया है कि अगर भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो इसके आगे...मुझे और कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। रक्षा मंत्री ने यह जानकारी धनतेरस के अवसर पर उत्तर-प्रदेश के लखनऊ में ▸▸ शेष पेज 7 पर



## आत्मनिर्भरता की मिसाइलः योगी

प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस को आत्मनिर्भरता की मिसाइल बताया। जो देश की रक्षा जरूरतों की पूर्ति कर रही है। लखनऊ में बनीं मिसाइलें देश के नागरिकों की सुरक्षा-समृद्धि का आश्वासन हैं। रक्षा गलियारे के सभी 6 नोड्स में हुई प्रगति की उन्होंने सराहना की और कहा कि इससे राज्य के 15 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। समारोह में ब्रह्मोस के महानिदेशक डॉ.जे.आर.जोशी ने प्रदेश के सीएम को जीएसटी बिल समेत 40 करोड़ रुपए का चेक सौंपा।

## भारत को पड़ गई जीत की आदत

उन्होंने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तानी आतंकी अड्डों को मटियामेट करने के लिए चलाए गए हमारे अभियान ने ये साबित किया है कि जीत भारत के लिए महज कोई छोटी घटना नहीं है। ये तो हमारी आदत बन गई है और अब हमें अपनी क्षमताओं को और बढ़ाना होगा। उन्होंने दावा किया कि भारत इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है कि ▸▸ शेष पेज 7 पर

## दो देशों के साथ किया समझौता

राजनाथ ने बताया कि ब्रह्मोस की टीम ने एक महीने के अंदर दो देशों के साथ कुल करीब 4 हजार करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। आने वाले वर्षों में हम देखेंगे कि दुनिया के कई देशों के विशेषज्ञों का जमावड़ा लखनऊ में होगा। जिससे ये शहर ज्ञान के केंद्र के अलावा रक्षा तकनीक के क्षेत्र में भी अग्रणी बनेगा। अगले वित्त वर्ष में ब्रह्मोस की ▸▸ शेष पेज 7 पर

## 100 मिसाइलों का होगा उत्पादन

ब्रह्मोस की इस स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधा का उद्घाटन 11 मई 2025 को हुआ था। जिसका परिसर 200 एकड़ में फैला हुआ है और इसके निर्माण पर 380 करोड़ रुपए की लागत आई थी। मिसाइल की यह सुविधा न केवल एक रक्षा सुविधा है। बल्कि रोजगार और विकास का एक नया अवसर भी है। उत्पादन के लिहाज से इस केंद्र में हर साल लगभग 100 मिसाइल प्रणालियों का उत्पादन किया जाएगा। प्रदेश में आ रहे निवेश और प्रगति के मद्देनजर ये क्षेत्र विकास और ▸▸ शेष पेज 7 पर

## लखनऊ में टाइटेनियम-सुपर एलॉय मटेरियल प्लांट का रक्षा मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अपनी लखनऊ यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पीटीसी इंडस्ट्रीज गए और वहां बने हुए विश्वस्तरीय टाइटेनियम और सुपर एलॉय मटेरियल प्लांट का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने प्लांट में नए नियुक्त किए गए कर्मचारियों को रोजगार सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टाइटेनियम और सुपर एलॉय मटेरियल्स प्लांट से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आएगी। साथ ही युवाओं को रोजगार के साथ तकनीकी प्रशिक्षण और शोध के नए अवसर मिलेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस परियोजना के सही मायने में नायक यहां काम कर रहे कर्मचारी और इंजीनियर हैं। जो भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। करीब दस साल पहले ये कल्पना नहीं की जा सकती थी कि प्रदेश एक औद्योगिक केंद्र बनेगा। निवेशक यहां आने से घबराते थे। लेकिन आज हालात बदल गए हैं। टाइटेनियम, सुपर एलॉय जैसे सामरिक मटेरियल्स रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स-मेडिकल उपकरणों में अत्यधिक ▸▸ शेष पेज 7 पर






# मिलावटी मिठाई बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दीपावली पर मिलावटी मिठाइयों का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। क्राइम ब्रांच ने रघुबीर नगर में एक मिलावटी मिठाई बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक ताराचंद अग्रवाल समेत 16 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से 2600 किलोग्राम से अधिक मिलावटी मिठाई और प्रतिबंधित रसायन जब्त किया है।



डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 16 अक्टूबर को सब इंस्पेक्टर अनुराग त्यागी को रघुबीर नगर स्थित एक फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली, जहां हानिकारक रसायनों और अस्वास्थ्यकर पदार्थों

■ 16 कर्मचारियों को किया गिरफ्तार

का उपयोग करके बड़ी मात्रा में मिल्क केक और कलाकंद जैसी मिलावटी मिठाइयां तैयार की जा रही थी। सूचना पर एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख और इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में एफएसएसएआई के अधिकारियों के साथ एक टीम बनाई गई। टीम ने फैक्ट्री में छापा मारकर 2,600 किलोग्राम से अधिक मिलावटी मिठाइयां और प्रतिबंधित रसायन बरामद किया। आरोपी त्योहारों के सीजन में ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए इस रैकेट को चला रहे थे। पुलिस पूछताछ में इस फैक्ट्री के मालिक तारा चंद ने बताया कि उसका बेटा कई साल से मिलावटी मिठाई का कारोबार कर रहा था, लेकिन दो साल पहले उसके बेटे की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने खुद यह धंधा संभाला था।

## मुकुंदपुर में घर के बाहर गोलीबारी, तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में झगड़े को लेकर एक घर पर गोलीबारी की गई। इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घर के मालिक नरेश राजपूत के बेटे जतिन ने शुक्रवार रात पुलिस को सूचना दी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। शिकायतकर्ता के घर के बाहर से भलस्वा डेयरी पुलिस ने गोली के चार खोखे बरामद हुये हैं।

पुलिस के मुताबिक जांच से पता चला कि जतिन और उसके दोस्तों का रात को करीब 9.30 बजे मच्छी बाजार चौक, मुकुंदपुर में अंकित नाम के एक व्यक्ति के साथ झगड़ा हुआ था। बाद में अंकित अपने साथियों आयुष, राजा, सुमित उर्फ कबारिया और मनीष उर्फ तोतला के साथ दो मोटरसाइकिलों पर जतिन के घर पहुंचा और भागने से पहले हवा में गोलियां चलाई। पुलिस ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज कर अंकित, मनीष और सुमित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बाकी लोगों की तलाश जारी है।

## स्कूल बस ने कार और ऑटो को मारी टक्कर, एक घायल




**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में शनिवार को शनि मंदिर, जीटी रोड, नरेला की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के नीचे एक दुर्घटना की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि एक स्कूल बस ने एक वैगनआर कार और एक ऑटो को टक्कर मारी थी। हादसे में ऑटो चालक घायल हुआ। उसे एसआरएचसी अस्पताल, नरेला में भर्ती करवाया गया। उक्त बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार स्कूल बस जैन मंदिर स्कूल, बुधपुर, दिल्ली से संबद्ध पाई गई और पूछताछ करने पर पता चला कि इस दुर्घटना में कोई भी स्कूली बच्चा घायल नहीं हुआ। घायल ऑटो चालक सिंटू कुमार (34) पुत्र अरुण शाह निवासी डी-55, वेस्ट विनोद नगर, आनंद विहार को आगे के उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति का बयान दर्ज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घायल के बयान के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ई रिक्शा चालक की हत्या करने के आरोप में नेपाली नागरिक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में एक झगड़े के दौरान 29 वर्षीय ई-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना चार और पांच अक्टूबर की मध्य रात्रि को सामने आई थी। आरोपी तेजराज जोशी (27) उर्फ नेपाली ने पीड़ित मोहित पर तब हमला किया था जब मोहित ने उसे एक अन्य व्यक्ति के साथ झगड़े के दौरान रोकने की कोशिश की थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी नेपाल के डोडेल धोरा का स्थायी निवासी है और दिल्ली के भगवती गार्डन एक्सटेंशन इलाके में रह रहा था। तेजराज ने पहले एक अन्य ई-रिक्शा चालक सुनील की गर्दन पर चाकू रखकर उसे धमकाया था। जब मोहित ने हस्तक्षेप किया और उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया और उसके पेट में चाकू घोंप दिया था। सैनिक एन्क्लेव निवासी मोहित को पहले दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल और बाद में सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तकनीकी निगरानी, स्थानीय खुफिया जानकारी और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और कई स्थानों पर छापों के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान तेजराज ने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया चाकू और घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

## अवैध ई-सिगरेट रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने अवैध ई-सिगरेट रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 410 ई-सिगरेट जब्त की है। आरोपियों में पान की दुकान चलाने वाला अवधेश कुमार चौरसिया भी शामिल है। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार 16 अक्टूबर को अवैध ई-सिगरेट की बिक्री के संबंध में विश्वसनीय सूचना मिली थी। छापेमारी की गई जिसमें पान की दुकान चलाने वाले अवधेश कुमार चौरसिया को गिरफ्तार किया गया। उसने अपने गोदाम में रखी प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने की बात कबूल की। इसके अलावा टीम ने उसी दिन रात करीब आठ बजे से 17 अक्टूबर को सुबह तीन बजे के बीच 01/10, ग्राउंड फ्लोर, डबल स्टोरी, विजय नगर, किंग्सवे कैंप में छापा मारा, जहां दो सहयोगी ज्ञान चंद चौरसिया और सनी चौरसिया को गिरफ्तार किया। उनके पास से 410 अवैध ई-सिगरेट बरामद हुई। बाद में इस रैकेट में शामिल एक और आरोपी निर्मल कुमार निवासी शास्त्री नगर को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पीतमपुरा से ई-सिगरेट खरीदते थे और उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर और उसके आसपास के छात्रों और युवाओं को आपूर्ति करते थे। नौजवान पीढ़ी इनके निशाने पर होती थी। मामले की जांच जारी है और अपराध में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## यातायात पुलिस सोशल मीडिया मंचों पर मिली शिकायतों पर करें तुरंत कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय रूप से नजर रखने और यातायात जाम, सिग्नल की गड़बड़ी तथा वाहन खराब होने जैसी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये हैं। दिल्ली पुलिस बदलते डिजीटल युग के साथ कदमताल कर रही है। आम लोग भी अधिकतर शिकायतें सोशल मीडियो मंचों पर ही कर रहे हैं।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक सभी पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी), यातायात परिमंडल और यातायात निरीक्षकों को अपने 'एक्स' खातों के आधिकारिक उपयोगकर्ता नाम (यूजर नेम) आठ सितंबर तक सार्वजनिक सूचना इकाई (पीआईयू) के साथ साझा करने का आदेश दिया गया था। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात प्रबंधन, जोन-2) अजय चौधरी ने आदेश में कहा कि यह देखा गया है कि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बड़ी संख्या में यातायात जाम, सिग्नल की गड़बड़ी और वाहनों के खराब होने जैसे शिकायतें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सोशल मीडिया पर त्वरित शिकायत निवारण के जरिये दिल्ली यातायात पुलिस में जनता का विश्वास मजबूत करना है। चौधरी के अनुसार संबंधित यातायात निरीक्षकों को 'टैग' कर की गई शिकायतों का जवाब अनुपालन दर्शाते हुए जीपीएस-टैग वाली तस्वीर के साथ देना होगा। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में प्रतिक्रियाओं की निगरानी करने और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## आईएएस नीरज सेमवाल ने दिल्ली ट्रांस्को के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईएएस नीरज सेमवाल ने दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया है। सेमवाल एजीएमयूटी कैडर 2003 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज सेमवाल ने हाल ही में दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। ट्रांस्को के प्रवक्ता डॉक्टर ऋषि राज ने बताया कि एजीएमयूटी कैडर 2003 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज सेमवाल प्रतिष्ठित गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं जहाँ उन्होंने वाणिज्य और विधि की शिक्षा प्राप्त की। इसके अलावा सेमवाल ने आईएमटी गाजियाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। एक कर्तव्यनिष्ठ और परिणामोन्मुखी नौकरशाह सेमवाल ने अपने शानदार प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान कई चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली, गोवा, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली सरकार और भारत सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। सेमवाल को औद्योगिक विकास, भूमि, राजस्व, वित्त और कराधान से लेकर पर्यटन तक विविध क्षेत्रों के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। वह दिल्ली सरकार में नए नहीं हैं और उनके पिछले कार्यकाल में दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, दिल्ली जल बोर्ड के अतिरिक्त सीईओ, उत्पाद शुल्क और व्यापार कर आयुक्त के पद की जिम्मेदारी निभाई है। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड में अपनी जिम्मेदारियों के अलावा, वह सचिव राजस्व-सह-मंडल आयुक्त, सचिव (विद्युत), सचिव (भूमि और भवन), इंद्रप्रस्थ पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड,प्रगति पावर कॉर्पोरेशन और डीवीबी कर्मचारी टर्मिनल लाभ निधि के अध्यक्ष के साथ-साथ दिल्ली पावर कंपनी के सीएमडी के रूप में भी कार्यरत हैं।

# दिल्ली नगर निगम विज्ञापन विभाग में चल रहा है जमकर इंस्पेक्टर राज

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के बाद भले ही अब भाजपा की सरकार है लेकिन पार्किंग विभाग की तरह ही विज्ञापन विभाग में इन दिनों भी खुलकर 'इंस्पेक्टर राज' चल रहा है और दिल्ली नगर निगम की 'आउटडोर विज्ञापन नीति 2017' का जमकर उल्लंघन हो रहा है। बता दें कि 2017 में बनी इस 'विज्ञापन नीति' को लागू हुए सात साल से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी पुरानी व्यवस्था जैसी ही है। उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दीवार बदरंग न करने संबंधी निर्देश के बाद अब विज्ञापन विभाग से 'इंस्पेक्टर राज' पर लगाम लगेगी, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर फैले अवैध होर्डिंग्स, बेतरतीब बैनर, दीवारों को बदरंग करते हुए बड़े बड़े दीवार विज्ञापन और उपर से एमसीडी अधिकारियों की चुप्पी कुछ और ही कहानी कह रही है।



### निगम प्रशासन को हो रहा है प्रतिमाह लाखों का नुकसान

निगम के केशवपुरम जोन, सिविल लाइन जोन और रोहिणी जोन की बात करे तों यहां विज्ञापन नीति के अनुसार कुछ नहीं हो रहा है। पंजाबी बाग से ब्रिटानिया चौक की तरफ फ्लाईओवर पर और आदर्श नगर से मुकरबा चौक की तरफ जाते समय जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास शौरूम और दुकानों पर विज्ञापन नीति को दरकिनार करते हुए बड़े बड़े होर्डिंग नुमा विज्ञापन लगे हुए हैं और राजस्व का रोना रो रहे निगम प्रशासन को इससे प्रतिमाह लाखों रुपए के राजस्व का निगम का नुकसान हो रहा है। इसी तरह शालीमार बाग बस स्टैंड के पास होटल मोटल आसपास के इलाके में भी कई जगह बड़े बड़े विज्ञापन और डिजिटल विज्ञापन लगे हुए हैं। इस संबंध में निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय से जानकारी मांगी जाती तो प्रशासन द्वारा चुप्पी साध ली जाती है।

### विज्ञापन नीति को लेकर निगम प्रशासन ने साधी चुप्पी

बता दें कि विज्ञापन नीति 2017 के अनुसार हर आउटडोर विज्ञापन के लिए टेंडर प्रक्रिया जरूरी है और इसके तहत अवैध विज्ञापन पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए, सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर/पोस्टर दंडनीय हैं। लेकिन इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। दिल्ली के कई प्रमुख मार्गों पर बिना अनुमति लगे बैनर और होर्डिंग्स निगम प्रशासन की चुप्पी पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहे हैं।

## आरएमएल अस्पताल के पास अपार्टमेंट परिसर में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के सामने स्थित एक अपार्टमेंट के परिसर में शनिवार दोपहर को भीषण आग लग गई। पुलिस के अनुसार इस परिसर में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के आवास हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, उन्होंने बताया कि कुछ निवासियों ने दावा किया कि इस घटना में बच्चे घायल हुए हैं और उन्हें आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बाबा खड़ग सिंह मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना अपराह्न एक बजकर 22 मिनट पर मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अपराह्न दो बजकर 10 मिनट पर आग को बुझा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस इमारत का उद्घाटन 2020 में किया था और इसमें लोकसभा एवं राज्यसभा के कई सदस्यों के आवास हैं। इस बीच कुछ निवासियों ने दावा किया कि आग उस समय लगी जब बच्चों के पटाखे फोड़ते समय फर्श पर पड़े कुछ सोफों ने आग पकड़ ली। अपार्टमेंट के परिसर में लगी आग के कारण आसमान में घना, काला धुआं उठता दिखाई दे रहा था, जिसने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया और आसपास के इलाके में गहरी धुंध छा गई। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि जब हम वहां पहुंचे, तो हमने अपार्टमेंट की खुली जगह पर घरेलू सामान में आग लगी देखी। लपटें उठ रही थीं और ऊपरी मंजिल को नुकसान पहुंचा रही थीं। दिल्ली पुलिस फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शगीर पुत्र** अब्दुल मास्टर, **निवासी** आई–18/549, संगम विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 353/2012, U/S 33.10.10 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन संगम विहार, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शगीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शगीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 353/2012, U/S 33.10.10 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन संगम विहार, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शगीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिंदर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,
कमरा नं0 211, दक्षिण जिला,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/14139/SD/2025
(Court Matter)

मजदूरों से 60 से 80 किलो तक के भारी बोरे उठवाए जा रहे

# 'दिल्ली की मंडियों में सरकार के आदेशों की हो रही अवहेलना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर फल एवं सब्जी मंडी सहित अन्य कई मंडियों में मजदूरों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है और दिल्ली सरकार के आदेश की भी खुलेआम उड़ाई जा रही हैं। मजदूर हितों को लेकर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने खुलासा किया है कि दिल्ली सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद मजदूरों से 60 से 80 किलो तक के भारी बोरे उठवाए जा रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि



दिल्ली सरकार ने 12 अक्टूबर 2020 को एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि किसी भी वयस्क पुरुष मजदूर से एक बार में 50 किलो से अधिक वजन नहीं उठवाया जाएगा। यह आदेश मजदूरों की शारीरिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया था। लेकिन मंडी में इसके उलट हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता गुलाटी ने दिल्ली सरकार और मानवाधिकार आयोग से मांग की है कि मंडी क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए, मजदूरों के सुरक्षा मानकों को लागू किया जाए, और जो ठेकेदार या अधिकारी इन आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### मजदूरों की सेहत और हक दोनों से खिलवाड़

इसके बावजूद दिल्ली कृषि उत्पाद विपणन समिति (डीएएमबी) द्वारा संचालित मंडियों में इस आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता गुलाटी के अनुसार, मंडी प्रशासन की लापरवाही के चलते मजदूर मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भी चिंता जताई थी। आयोग ने 28 मार्च 2025 को दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड और दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। यह मामला तब सामने आया जब मजदूरों ने 6 जनवरी 2025 को दिल्ली सरकार के आदेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### सरकार को तत्काल करना चाहिए हस्तक्षेप

सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने कहा कि यह केवल कानून की नहीं, बल्कि इंसानियत की भी बड़ी विफलता है। मजदूरों की रीढ़ और घुटनों पर भारी बोझ डालकर उनसे जबरन 70-80 किलो उठवाना अमानवीय है। सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### सरकार हमें न्याय दे, या फिर मरने का अधिकार : बीएमयू

**नई दिल्ली।** न्याय की आस में दिल्ली के करीब दस हजार बेरोजगार बस मार्शलों ने महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर रोजगार देने या फिर आमरण अनशन-इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए सरकार को चेतावनी दी है। बेरोजगार मार्शल यूनियन (बीएमयू) के संयोजक मुकेश पाल सिंह ने कहा कि "हमने दिल्ली की बसों में दिन-रात महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाई। लेकिन आज हमें ही सड़कों पर फेंक दिया गया। दो साल से धरना दे रहे हैं, पर कोई सुनवाई नहीं। अब या तो सरकार हमें न्याय दे, या फिर मरने का अधिकार।" उन्होंने कहा कि क्या दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के प्रहरी अब खुद असुरक्षित हैं? क्या सरकार इन दस हजार परिवारों के भविष्य की कोई जिम्मेदारी लेगी? बता दें कि पत्र की प्रतिलिपि उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री और दिल्ली पुलिस आयुक्त को भी भेजी गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) सुनीता देवी, पत्नीः अमरजीत रजक, 2) सीमा, पत्नीः अनूप सिंह, पताः म.नं. 128, स्कूल ब्लॉक के पास, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 156/2022, U/s 8 ITP Act, पुलिस थाना हौज खास, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) सुनीता देवी, 2) सीमा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) सुनीता देवी, 2) सीमा** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 156/2022, U/s 8 ITP Act, पुलिस थाना हौज खास, नई दिल्ली** के अभियुक्त **1) सुनीता देवी, 2) सीमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीन
महानगर मजिस्ट्रेट–01
दक्षिण, कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14077/SD/2025

नई दिल्ली
रविवार, 19 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 186
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रूप चौदस
आज



## खबर संक्षेप

### शांतनु झा ने संभाली महाराष्ट्र नौसेना की कमान



**मुंबई।** भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल शांतनु झा, एनएम ने महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (फोमा) की कमान संभाल ली। उन्होंने यह जिम्मेदारी रियर एडमिरल अनिल जग्गी से एक औपचारिक परेड समारोह में ग्रहण की, जो मुंबई स्थित आईएनएस कुंजली में आयोजित किया गया। झा का नौसेना में शानदार करियर तीन दशकों से अधिक का रहा है। उन्हें 1 जुलाई 1993 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। नेशनल डिफेंस एकेडमी के स्नातक शांतनु झा नौवहन और दिशा निर्देशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने आईएनएस विराट को नेविगेट किया है।

### एयर इंडिया की फ्लाइट रद्द, मिलान में फंसे 255 यात्री



**नई दिल्ली।** मिलान से दिल्ली लौटने की तैयारी कर रहे 255 यात्रियों की दिवाली की खुशियां फीकी पड़ गईं। एअर इंडिया की ड्रीमलाइनर फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को उड़ान रद्द करनी पड़ी। विमान की खराबी के चलते यात्रियों को मिलान में ही रोक दिया गया है, जबकि एक यात्री को विशेष अनुमति से दूसरे विमान से भेजा गया। मिलान से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट (एआई-138) उड़ान भरने से पहले ही तकनीकी दिक्कत का शिकार हो गई।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हो रहा नौसेना का महत्वपूर्ण आयोजन

# अगले सप्ताह 22 से 24 अक्टूबर तक होगा नौसेना का शीर्ष कमांडर सम्मेलन

नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे संबोधित




हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच भारतीय नौसेना के द्विवार्षिक कमांडर सम्मेलन का दूसरा चरण अगले सप्ताह 22 से 24 अक्टूबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करेंगे। शनिवार को एक बयान में नौसेना ने बताया कि इस साल 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में दुश्मन देश के पाले-पोसे हुए आतंकियों का सफाया करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद हो रहा यह सम्मेलन नौसेना की अभियानों की तीव्र रफ्तार और युद्धक तैयारियों के मद्देनजर काफी मायने रखता है।

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में नौसेना का ध्यान अपनी रणनीतिक क्षमता को बढ़ाने, अंतर संचालनीयता, भारतीय सेना, वायुसेना और तटरक्षकबल के साथ संयुक्त अभियानों पर केंद्रित रहेगा। जो उभरती हुई चुनौतियों से दो-दो हाथ करने और हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में बतौर समुद्री ताकत के रूप में अपने साहस को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा नौसेना के शीर्ष कमांडर पूर्वी और पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में बनी हुई मौजूदा रणनीतिक तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। ये सम्मेलन साल में दो बार आयोजित किया जाता है। पहला चरण इस साल अप्रैल महीने में हो चुका है।

### स्पष्ट होगा विकसित भारत का विजन

नौसेना के मुताबिक, रक्षा मंत्री और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन से नौसेना की तीनों कमांड के शीर्ष कमांडरों को राष्ट्रीय हितों और भारत के विकसित भारत-2047 को लेकर बने हुए विजन के संदर्भ में सोच और अधिक व्यापक होगी। ये सम्मेलन राष्ट्रीय नेतृत्व और नौकरशाहों को निकट संपर्क स्थापित करने का एक मंच प्रदान करेगा। जिससे नौसेना को वर्तमान भू-सामरिक माहौल में बहुआयामी चुनौतियों का मुकाबला करने की क्षमता और सोच दोनों विकसित होंगे। इसके अलावा सीडीएस और एयरचीफ मार्शल सिंह की वरिष्ठ नौसैन्य कमांडरों से होने वाली मुलाकात संयुक्त योजना बनाने, समन्वय को बढ़ावा देने और अभियानों के संचालन व क्षमता बढ़ाने के लिए संसाधनों के समुचित इस्तेमाल जैसे विषयों पर चर्चा करने से जुड़ी हुई होगी।

### सुरक्षा स्थिति की होगी समीक्षा

नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी बाकी कमांडरों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में समूची सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के साथ उससे जुड़ी हुई योजना का आकलन करेंगे। यह बल की जिम्मेदारियों का प्राथमिक क्षेत्र है। सम्मेलन के एजेंडे में नौसैन्य अभियान, प्रशिक्षण और मौजूदा परिदृश्य में संसाधनों की उपलब्धता के हिसाब से विभिन्न अभियानों में तैनाती जैसे मुद्दे भी शामिल रहेंगे। भविष्य की संभावनाओं के रोडमैप (सुधार के साथ रणनीतिक लॉजिस्टिक, डिजिटाइजेशन का मुद्दा भी होगा शामिल) पर भी वरिष्ठ नौसैन्य कमांडर विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही जटिल तकनीकों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बड़ा डेटा, युद्धक समाधानों और एक सुरक्षित वातावरण में अभियानों को आगे बढ़ाना मुख्य है। सम्मेलन में स्वदेशीकरण, मेक इन इंडिया योजना के तहत नवाचार को बढ़ावा देने और केंद्र के महासागर विजन और हिंद महासागर क्षेत्र से लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा प्रदाता के रूप में बल को प्रोत्साहन देने के मामले पर भी चर्चा की जाएगी।



दोपहर ढाई बजे हादसा, दिल्ली से उड़ानें डाइवर्ट

# ढाका एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में लगी आग...

**पूरा एरिया 'खाक'**

**जहरीली गैस फैलने का खतरा, सभी उड़ानें स्थगित**

आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला

एजेंसी ▸▸ ढाका

राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में शनिवार को भीषण आग लग गई, जिससे पूरा एरिया और वहां रखा सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के कारण एयरपोर्ट से सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। भीषण आग की वजह से जहरीली गैस फैलने का खतरा बताया जा रहा है। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया। फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। एयरपोर्ट पर आग की वजह से निकला काला धुआं इतना घना था कि आसपास के इलाकों में ▸▸ शेष पेज 7 पर

### कई फ्लाइट ग्राउंड की गईं

बाटिक एयर की कुआलालंपुर जाने वाली और इंडिगो की मुंबई जाने वाली उड़ानें फिलहाल रनवे पर रुकी हुई हैं। बैंकॉक से आई यूएस-बांग्ला और शारजाह से आई एयर अरेबिया की उड़ानों को ढाका के बजाए चटगांव में उतारा गया है। इंडिगो की दिल्ली वाली उड़ान को कोलकाता भेज दिया गया है। कैथे पैसिफिक की हांगकांग वाली उड़ान हवा में ही चक्कर काट रही है और अभी उतर नहीं पा रही है। सैदपुर और चटगांव से आने वाली ▸▸ शेष पेज 7 पर


करीब 300 साल पुराना महालक्ष्मी जी का मंदिर — दीप पर्व पर 5 दिन नोटों-आभूषणों से सजा रहेगा

# भक्तों के 2 करोड़ से सजा देश का इकलौता महालक्ष्मी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतलाम

रतलाम में मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। ▸▸ शेष पेज 7 पर

मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी



### बाकायदा होती है ऑनलाइन एंट्री

राजा वैभव, निरोगी काया और प्रजा की खुशहाली के लिए पांच दिन तक अपनी संपदा मंदिर में रखकर ▸▸ शेष पेज 7 पर



तीन कोच में सवार थे 125 यात्री, सभी सुरक्षित

### गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, 3 कोच जलकर खाक

एजेंसी ▸▸ फतेहगढ़ साहिब

शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में आग लग गई। ट्रेन के तीन जनरल एसी कोच आग की चपेट में आ गए। जिनमें 125 यात्री सवार थे। हादसा सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हुआ। हादसे में बिहार की रहने वाली जीरा देवी गंभीर रूप से झुलस गई। ट्रेन सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर सरहिंद रेलवे जंक्शन से क्रॉस हो रही थी, जिस समय उसके कोच संख्या 19 से धुंआ निकलता देखा गया। जिसके बाद तुरंत ट्रेन को सरहिंद जंक्शन के आउटर पर ब्राह्मण माजरा फ्लाई ओवर के नीचे रोक दिया गया। तब तक कोच संख्या 19 में लगी आग से कोच नंबर 18 और 20 भी आंशिक रुप से चपेट में आ गए थे। ट्रेन रोकने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

ट्रेन में आग की सूचना मिलते ही अंबाला डिवीजन के डीआरएम विनोद भाटिया मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। डीआरएम ने तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक तौर पर सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के ▸▸ शेष पेज 7 पर






## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** अपहरण कर मारपीट के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एक और आरोपी को काबू किया है। गौरव निवासी न्यू जनता कॉलोनी फरीदाबाद ने थाना सारन में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 19 सितम्बर की शाम को मोटरसाईकिल पर पांच लडके आये और उसे जबरदस्ती बाईक पर बैठा कर गुरुग्राम पहाड़ी पर हनुमान मंदिर से पहले जंगल में ले गए और जहां पर उसके साथ मारपीट की।

### मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोबाईल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एसी नगर एनआईटी फरीदाबाद वासी एक महिला ने पुलिस थाना शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर की दोपहर एक लड़का सामान खरीदने दुकान पर आया जाते दुकान के काउंटर से उसका फोन चोरी कर लिया।

### जालसाज ने पुलिस कर्मी से 90 हजार ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में फर्नीचर बेचने के नाम पर जालसाज ने एक पुलिसकर्मी से 90 हजार रुपए की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक के बहु अकबरपुर गांव निवासी हरदीप ने बताया कि वह 11 सितंबर को उनके जानकार डीएसपी राहुल देव के फेसबुक से मैसेज आया कि उनके एकदोस्त जो सीआरपीएफ दिल्ली में ऑफिसर हैं।

---

दिवाली का पर्व हम सबको एकजुट करता है

# जाट समाज ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

## जाट समाज के महासचिव ने दीपावली की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




जाट समाज फरीदाबाद द्वारा सैक्टर-16 स्थित किसान भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जाट समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर जाट समाज के प्रधान जेपीएस सांगवान ने कहा कि दिवाली जिस तरह से दीयों से जगमगा कर मनाई जाती है, उसी तरह हमें भी आपस में एक-दूसरे के साथ मिलकर दीये जलाकर इस दीये की रोशनी से एक दूसरे को परिपूर्ण करना चाहिए और खुशियां बांटनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन कार्यक्रम हमारे सभी सदस्यों के बीच एकता और सौहाद्र्र को बढ़ावा देने का अवसर है। दिवाली का पर्व हम सबको एकजुट करता है। जाट समाज के महासचिव एचएस मलिक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिवाली का पर्व सुख शांति और समृद्धि का पर्व है। यह त्यौहार सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए।

दीपावली का पर्व हमारे समाज को खुशियों, रौशनी, उत्साह और उमंग के साथ जीवनयापन करना सिखाता है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबोला सहित अन्य गेम्स भी आयोजित किए गए। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस कार्यक्रम में लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर एसआर तेवतिया, दिनेश रघुवंशी, सुरेंद्र दहिया, राहुल चौधरी, रामरतन नर्वत, एचएस ढिल्लों, जितेंद्र चौधरी, रणजीत सिंह दहिया, राज मलिक, सुनीता मलिक, रेखा चौधरी, सूरजमल, रमेश चौधरी, टीएस दलाल, प्रेम सिंह, कमल चौधरी, अजय नरवत, सतपाल नरवत, महेंद्र श्योराण, दरयाव सिंह श्योराण, एके मलिक सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

---

केन्द्रीय मंत्री ने निजी कार्यक्रम में की शिरकत

# केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल का विधायक मूलचंद शर्मा ने परिवार के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल देर रात्रि सेक्टर-10 में बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर पंडित मूलचंद शर्मा ने अपने पांचों भाइयों के साथ उनका गर्म जोशी से स्वागत किया और एक मिसाल भी पेश की।

आज भी समाज में आपसी भाईचारा कायम है सभी भाई एकजुट है, आज भी एक चूल्हे पर खाना बनता है। पांचों भाइयों ने केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ में जो विकास कार्य पिछले 10 साल के अंदर तेजी से हुए हैं। उनका श्रेय केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है और आज उन्हीं कामों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आगे बढने का काम चल रहा है। पंडित मूलचंद शर्मा ने फूलों का बुक्का व शॉल ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल ने कहा कि दस साल में हरियाणा में बल्लभगढ़ विधानसभा विकास के मामले में नम्बर बन चुका है और शेष बचे कार्य नायब सिंह सैनी की सरकार पूरे हो जाएगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बन चुका है। जीएसटी की दरें कम कर भारत वासियों को राहत देने का काम किया है।

---

ग्राहक संतुष्टि हमेशा से ही कंपनी की प्राथमिकता रही

# एसुस ने ऑन-साइट सपोर्ट का किया विस्तार

*अपने बढ़ते ग्राहक आधार के लिए आसान और बेहतरीन सर्विस उपलब्ध कराने के लिए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

टेक्नोलॉजी ब्रांड, एसुस इंडिया ने शनिवार को अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए बालासोर में नए नेशनल पार्टनर के साथ नया एसुस ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर लॉन्च किया और ऑन-साइट सपोर्ट शुरू किया। यह रणनीतिक कदम ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है जिससे ग्राहकों को बेहतर अनुभव और आसान पहुँच वाली भरोसेमंद सर्विस मिले। इसके अलावा, एसुस जल्द ही गुरुग्राम, चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना, जयपुर, चेन्नई और पुणे में भी नए सेंटर्स खोल रहा है।

ये नए सेंटर्स एसुस इंडिया के लगातार प्रयासों का हिस्सा हैं, ताकि अपने बढ़ते ग्राहक आधार के लिए आसान और बेहतरीन सर्विस उपलब्ध कराई जा सके। इस विस्तार के साथ, एसुस का लक्ष्य सम्पूर्ण भारत में अपनी सर्विस की पहुँच को और मजबूत बनाना है, ताकि लैपटॉप्स, डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ सहित तमाम प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला के यूज़र्स के लिए ऑन-साइट सपोर्ट, तेज़ टर्नअराउंड समय, बेहतर सुविधा और अधिक सहज स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, विशाल म्हालसेकर, नेशनल सर्विस मैनेजर एसुस सीएससी इंडिया, ने कहा, एसुस में ग्राहक संतुष्टि हमेशा से ही हमारी प्राथमिकता रही है। हमारे सर्विस नेटवर्क का यह विस्तार समय पर, कुशल और उच्च गुणवत्ता वाली आफ्टर-सेल्स सर्विस प्रदान करने के हमारे लगातार प्रयासों को दर्शाता है। इन नए सेंटर्स के साथ, हम भारत के हर जिले में आसान पहुँच सुनिश्चित करने और ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। नए सेंटर्स प्रीमियम सपोर्ट, ऑन-साइट रिपेयर सुविधाएँ और डीओए हैंडलिंग जैसी प्रमुख सेवाओं से लैस हैं। ग्राहकों को अब असली स्पेयर पार्ट्स, पारदर्शी सर्विस प्रक्रियाएँ और अपने रिपेयर की रियल-टाइम अपडेट्स भी उपलब्ध होंगे। इस विस्तार के साथ, एसुस इंडिया अब पूरे देश में 220 से अधिक मजबूत और बढ़ते हुए सर्विस टचपॉइंट्स के साथ कार्य कर रहा है, जो एक बार फिर ग्राहक सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

---

# बिजनेस इन्वेस्टमेंट डील के नाम पर धोखाधड़ी, पार्क डेवलपमेंट कंपनी का डॉयरेक्टर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम में जेट और प्राइवेट प्लेन प्रोवाइड कराने वाली कंपनी के साथ बिजनेस डील के नाम पर इन्वेस्टमेंट कराकर एक करोड़ 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इकोनॉमिक क्राइम ब्रांच-2 टीम ने मामले की छानबीन करते हुए पार्क डवलपमेंट कंपनी के डायरेक्टर को जयपुर के पास फिरोजपुर, राजस्थान से अरेस्ट किया है। आरोपी की पहचान सेक्टर 42 के रहने वाले राकेश शर्मा (उम्र 42 वर्ष) के रूप में हुई है। उसने एमबीए कर रखा है।

25 अगस्त को राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस की तरफ से इकोनॉमिक ब्रांच को एक शिकायत ट्रांसफर की गई थी। गुरुग्राम के रहने वाले पीयूष वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कंपनी विंडबोरन एयर प्राइवेट लिमिटेड जेट और प्राइवेट प्लेन प्रोवाइड करवाती है।

## क्लाइंट को चार्टर प्लेन प्रोवाइड करवाने की डील

उसको वर्ल्ड वाइड जू डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से कॉन्टैक्ट किया गया कि वे देश व विदेश सोसाइटी व कॉर्पोरेट ऑफिस में पार्क डेवलपमेंट करने का काम करती है। उसके द्वारा बताया गया कि उनके क्लाइंट इंडिया से व विदेश से आते जाते है, जिनको चार्टर प्लेन की आवश्यकता होती है। इस कंपनी के साथ चार्टर प्लेन उपलब्ध कराने के बारे में 27 मार्च 2025 को एक डील की गई। जिसके लिए पीयूष को दो करोड़ 40 लाख का इन्वेस्टमेंट के बारे में बताया गया।

### पार्क बनाने वाली कंपनी का चेक बाउंस

15 अप्रैल 2025 को दो करोड़ 40 लाख की राशि वर्ल्डवाइड जू डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड के नाम चेक के माध्यम कर दी गई। समझौते के अनुसार 15 अप्रैल 2025 तक न कोई बिजनेस प्लान व डील के अनुसार कोई काम किया न संबंधित कागजात उपलब्ध कराए।

---

पार्टनर पर 8 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

# प्रॉपर्टी डीलर ने 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गांव सीकरी स्थित अवदित्य सोसाइटी के 14वें फ्लोर पर बने टेरिस से कूदकर प्रॉपर्टी डीलर ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने अपने पार्टनर पर 8 करोड़ रुपए और कई अन्य लोगों पर कई लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा कर मामले की जांच कर रही है।

सीकरी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार चौधरी पिछले कई महीनों से गांव सीकरी के पास बनी अवदित्य सोसाइटी में परिवार के साथ रह रहा था। इससे पहले वह बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में रहता था। शनिवार को राज कुमार ने अपने सोसाइटी के 14वें फ्लोर के टेरिस से छलांग लगा दी। छलांग लगाने के बाद वह नीचे खड़ी एक कार के ऊपर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।


मृतक राजकुमार के दो बेटे है और पिछले काफी समय से वह प्रापर्टी डीलर का काम कर रहा था। राजकुमार ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें उसने अपने पार्टनर संजय शर्मा सहित कई लोगों पर पैसे गबन का आरोप लगाया है। राजकुमार ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें उसने अपने पार्टनर संजय शर्मा सहित कई लोगो पर पैसे गबन का आरोप लगाया है। सुबह 9 बजे के करीब वह पार्क में घूमकर वापस घर आया। करीब आधा घंटा तक वह घर में बैठा रहा। इसके बाद वह ऊपर टेरिस पर चला गया और नीचे छलांग लगा दी। राजकुमार ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है। जिसमें उसने अपने पार्टनर संजय शर्मा पर आठ करोड़ रुपए का फ्रॉड करने का आरोप लगाया है। राजकुमार ने लिखा है कि संजय शर्मा उसके 8 करोड़ रुपए का हिसाब नहीं कर रहा है और में एक-एक रुपए के लिए परेशान हो रहा हूं। इसके अलावा मृतक ने कई लोगों पर पैसे हड़पने के आरोप लगाए है। मृतक ने नोट में लिखा है कि मैंने पुनीत और विनीत के कहने पर गांव सीकरी के पास उनके नाम जमीन की जीपीए कर दी थी। जिसको इन्होंने सवा करोड़ रुपए में बेच दिया लेकिन मुझे पैसे नही दिए। दिनेश सरपंच के खाते में 20 लाख रुपए डलवाए गए है लेकिन उसने मुझे पैसा नही दिया है।

---

# निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर की गई थी 20 लाख रुपए की ठगी

*दो आरोपी गिरफ्तार, ठगों को कराते थे खाता उपलब्ध, साइबर थाना एनआईटी की टीम ने की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का देकर लाखों रूपए की ठगी करने के मामले में साईबर थाना एनआईटी पुलिस ने दो लोगों को काबू किया है। सेक्टर-43 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसको ठगों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। जहां अन्य निवेशकों के मुनाफे और निवेश करने की जानकारी दी जाती थी।

ठगो ने एक एप का लिंक भेज कर डाउनलोड करवाया और अंकाउट खुलवाया। फिर उसे मोटे मुनाफे का लालच देकर आईपीओ में निवेश करने को कहा, लालच में आकर उसने ठगों के कहने पर निवेश करना शुरू किया और उसने ठगों के खाता में विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 20,41,000 रुपए भेज दिये।

जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभिषेक सिंह चौहान निवासी गांव दिन नगर, जिला हरदोई उप्र हाल जानकीपुरम लखनऊ व अनुज कुमार पाल निवासी रामपुर जिला लखीमपुर खीरी उप्र हाल मौसम बाग कॉलोनी त्रिवेणी नगर लखनऊ उप्र को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाते हैं।

---

ऑनलाइन गेम खेल कर पैसे कमाने का लालच देकर की गई थी ठगी

# खाताधारक सहित दो आरोपी गिरफ्तार, साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




ऑनलाइन गेम खेल कर पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के आरोप में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम खाताधारक सहित दो आरोपियों को काबू किया है। सेक्टर-3, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 29 मार्च को इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन गेम का लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके पास मैसेज आया जिसमें बताया गया कि 2000 रुपए गेम में लगवाकर 1,50,000 रुपए जितवा देगा। फिर शिकायतकर्ता ने बताये गये तरीक से गेम खेला और ठग ने उसे बताया कि वह 4,50,000 रुपए जीत गया है।

जब उसने पैसों के लिए कॉल किया तो ठग ने कहा कि पहले 99,920 रुपए भेजने होंगे। लालच में आकर उसने ठग के द्वारा बताये गए खाता में पैसा भेज दिये प्रांतोष को कोई पैसा नही दिया गया, जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए मनराज मीणा निवासी गांव चक विजयपुरा, दौसा व हेतराम मीणा निवासी गांव शिव सिंह पुरा दौसा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि हेतराम खाताधारक है जिसके खाता में ठगी के 58,900 रुपए आए थे और मनराज ने हेतराम का खाता लेकर आगे दिया था। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

### शराब तस्करी पर लगातार कार्रवाई एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा शराब तस्करी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में थाना सारन की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 222 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 अक्टूबर को थाना सारन की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि नैन चौक पर एक दुकान के अंदर अवैध शराब का स्टॉक किया हुआ। जिसको सप्लाई किया जाएगा, जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना सारन की टीम ने नैन चौक स्थित एक दुकान से कुल 222 पेटी अवैध शराब बरामद की तथा एक आरोपी आरोपी प्रमोद निवासी जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है आरोपी शराब को गुजरात भेजने की फिराक में था। जिसके खिलाफ थाना सारन में मामला दर्ज किया गया।

---

बदमाशों पर रंगदारी मांगने का आरोप

# मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार की रात में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। इन एक बदमाश पर रंगदारी मांगने का आरोप है। एडीसीपी लॉ एंड आर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पिछले दिनों थाना ट्रोनिका सिटी पर पचायरा खनन प्वाइंट पर चल रहे खनन पट्टे पर मण्डोली जेल दिल्ली में निरूद्ध कुख्यात अपराधी दीपक निवासी अगरौला थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद व उसके साथियों द्वारा खनन पट्टे के ठेकेदार से मोबाइल फोन पर दीपक व उसके अन्य साथी कैलाश आदि के द्वारा लगातार अपनी रेत की गाड़ियों को भरवाने के लिए व 01 लाख रुपए प्रतिमाह रंगदारी माँगने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

## फोन कर एक लाख रुपए रंगदारी देने का बनाया दबाव



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके गाँव का दीपक मण्डोली जेल दिल्ली में बन्द है जो गिरफ्तार अभियुक्त का रिश्ते मे चाचा लगता है, दीपक ने जेल से उसके पास फोन करके बताया था कि पचायरा खनन पट्टे पर ठेकेदार को धमकाकर दीपक के हिसाब से रेत की गाड़ी भरवाने और 01 लाख रूपए प्रतिमाह रंगदारी देने के लिये बोला था। तो गिरफ्तार कैलाश द्वारा ठेकेदार को फोन करके व व्यक्तिगत रूप से अपने साथियों के साथ पचायरा खनन पट्टे पर जाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दीपक के अनुसार काम करने व 01 लाख रूपये प्रतिमाह देने के लिए कहा गया था। गिरफ्तार द्वारा दीपक के कहने पर अन्य लोगों से रंगदारी वसूलने की बात भी प्रकाश मे आयी है जिसके सम्बन्ध मे जाँच-पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा मुखबिर की सूचना के आधार पर बुदाना की ओर की तरफ आने वाले रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को आता हुआ देखकर पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया परन्तु मोटरसाइकिल सवार दोनो व्यक्ति नहीं रुके तथा मोटरसाइकिल को तेजी से मोड़कर दाहिने पड़े खाली मैदान की तरफ की भागने लगे तभी पुलिस द्वारा पीछा करने पर पुलिस से बचकर भागने की जल्दी व हड़बड़ाहट मे मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई।

---

### शराब तस्करों पर कार्रवाई 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध शराब तस्करी में कपिल व जयपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी कपिल व जयपाल निवासी गांव अनंगपुर फरीदाबाद को सुरजकुण्ड गोल चक्कर के पास से काबू किया है।

आरोपियों से मौके पर आई-10 गाड़ी से 35 पेटी देसी, 8 पेटी अंग्रेजी शराब व 5 पेटी बीयर बरामद हुई है। आरोपी अवैध शराब को दिल्ली लेकर जा रहे थे। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। शराब व गाड़ी को कब्जा में लिया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया।

---

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य लगभग पूर्ण

# नगर आयुक्त ने चल रहे कार्यों का लिया जायजा, अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है जिसकी मॉनिटरिंग लगातार चल रही है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्थल निरीक्षण करते हुए चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, शेष बचे हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा कार्यदाई संस्था एफकौन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव भारद्वाज को निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की तैयार हो चुकी बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया जिसमें उपकरणों को इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से चल रहा है 210 इंच की बड़ी स्क्रीन ग्राउंड फ्लोर तथा फर्स्ट फ्लोर पर लगाने की तैयारी चल रही है जिसके माध्यम से नवंबर माह में शहर की यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी।

### सद्दीकनगर में अनाधिकृत कालोनी में चला 'बुलडोजर'


अनाधिकृत कालोनियों/ स्वीकृत नक्शे के विपरित अवैध निर्माण पर समय रहते कार्यवाही के गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में 'सिहानी सद्दीकनगर में लगभग 16 बीघा में देवेन्द्र त्यागी व अन्य के द्वारा की जा रही प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। लगभग 2000 वर्ग गज में बने फार्म हॉउस को ध्वस्त कर दिया गया। खेती की भूमि पर जो इंटर लाकिंग टाइल्स सड़क कमरे आदि बनाये गए थे, उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण की कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों के द्वारा विरोध का प्रयास किया गया, जिन्हें पुलिस के द्वारा खदेड दिया गया।

## कर्तव्य पथ पर आयोजित दीपोत्सव में ड्रोन शो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को किया अभिभूत

# लाखों दीपों से जगमगाया कर्तव्य पथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### कर्तव्य पथ पर दिखा आस्था और आधुनिकता का अद्भुत संगम : रेखा गुप्ता



दिल्ली में पहली बार दिवाली के अवसर पर शनिवार को कर्तव्य पथ पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि आज का दीपोत्सव केवल दीपों का उत्सव नहीं, बल्कि नई क्रांति की आहट है। दिल्ली एक नया इतिहास लिखने जा रही है, जहां आस्था और आधुनिकता का संगम अद्भुत रूप में सामने आया है। राजधानी ने यह दिखा दिया कि दिल्ली अब केवल शासन की राजधानी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना की धड़कन भी है।

श्रीराम के जीवन चरित का ड्रोन प्रदर्शन और दीपों का महासागर इस बात का प्रतीक है कि राजधानी दिल्ली अब सनातन परंपरा, देश की सांस्कृतिक समझ के साथ आगे बढ़ रही है। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब कर्तव्य पथ पर सामूहिक रूप से दीपावली का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली के हजारों लोग शामिल हुए। कर्तव्य पथ पर आयोजित इस दीपोत्सव में भव्य ड्रोन शो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रामायण थीम आधारित लाइट कार्यक्रम ने उपस्थित हजारों दर्शकों को अभिभूत कर दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में श्रीराम की भक्ति से प्रेरित दिखीं। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद दिल्ली का हृदय इस तरह दीपों की आभा से जगमगा उठा है। यह केवल रोशनी का उत्सव नहीं, बल्कि दिल्ली की नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नई दिशा का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की दिवाली दिल्ली के हर वर्ग तक पहुंची है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से आज दिल्ली का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिवाली बच्चों के चेहरों पर मुस्कान है, महिलाओं के घर में बचत है, युवाओं को नए अवसर हैं, बुजुर्गों को स्वास्थ्य का भरोसा है, और हर नागरिक को अपने शहर पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रभु श्रीराम की कृपा से दिल्ली में रामराज्य की स्थापना हो, जहां हर नागरिक को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिले। दिल्ली की सरकार जनता की सरकार है, और हम जनता के सेवक हैं।

### ड्रोन शो के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित को आकाश में प्रदर्शित किया गया

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कर्तव्य पथ पर आयोजित इस दीपोत्सव की सबसे विशेष बात यह रही कि पहली बार ड्रोन शो के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित को आकाश में प्रदर्शित किया गया। हजारों ड्रोन से सुसज्जित इस भव्य दृश्य ने रामायण की पवित्र गाथा को आधुनिक तकनीक के जरिये जीवंत कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली विशेष पर्व है जो अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। त्रेतायुग में जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटे, तब अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था।

### दिवाली पर्व सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। परिवार, समाज और राष्ट्र के स्तर पर यह उत्सव हमें एक-दूसरे से जोड़ता है, और अंधकार को मिटाकर उम्मीद और सद्भाव के दीप जलाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह आयोजन विशेष है। अब तक दीपोत्सव का भव्य आयोजन अयोध्या में देखने को मिलता था, लेकिन पहली बार दिल्ली ने भी उस गौरवमयी परंपरा को अपने आंगन में साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि दिल्ली न केवल प्रशासनिक राजधानी रहे, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी भारत की आत्मा को प्रतिबिंबित करे। दीपावली का यह आयोजन दिल्ली को आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव की दिशा में एक नई पहचान देगा।

# ‘बुजुर्गों के आशीर्वाद से जगमग करें दिवाली’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने बिंदापुर ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के साथ मनाई दिवाली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने शनिवार को बिंदापुर स्थित ओल्ड एज होम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने वृद्ध जनों के साथ दीये जलाए और उन्हें मिठाई खिलाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। इस दौरान मंत्री इंद्राज कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका स्नेह, अनुभव और आशीर्वाद हमारे जीवन को दिशा देता है।

दीपावली की सच्ची रोशनी तभी है जब हमारे आसपास कोई भी बुजुर्ग अकेला या उदास न हो। वहीं उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि इस दीपावली पर अपने आस-पास रहने वाले किसी बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के हर सदस्य का यह दायित्व है कि बुजुर्गों के प्रति सम्मान और अपनापन हमेशा बना रहे। मंत्री इंद्राज ने बताया कि दिल्ली सरकार, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। ओल्ड एज होम्स की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा बुजुर्गों के लिए सामुदायिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई योजनाओं पर भी लगातार काम कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों की मानसिक सेहत के लिए नये रिक्रिएशन सेंटर की योजना है और ओल्ड एज होम में काउंसिलिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि हाल ही में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50 हजार नई पेंशन वैकेंसी निकाली गई हैं। इसके साथ ही पश्चिम विहार में सावित्री बाई फुले ओल्ड एज होम का लोकार्पण भी किया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों को लगभग आठ लाख रुपये के उच्च गुणवत्ता वाले निःशुल्क उपकरण भी प्रदान किए गए हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्पष्ट निर्देश हैं कि दिल्ली सरकार की हर योजना का लाभ प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचे। इस दिशा में सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन का लाभ मिलेगा।

# दिल्ली प्रदेश भाजपा ने नए कार्यालय में मनाया पहला दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने दीं दिवाली दीपोत्सव की शुभकामनाएं

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमापूर्ण उपस्थिति में दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने मीडियाकर्मियों के संग वार्षिक दिवाली मंगल मिलन समारोह शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग सिंह नये प्रदेश कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस मौके पर दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित मीडियाकर्मियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्बोधित कर धनतेरस से प्रारम्भ दीप उत्सव की शुभकामनाऐं दी। इस मंगल मिलन समारोह में अनेक वरिष्ठ पत्रकारों के साथ बड़ी संख्या में भाजपा बीट से जुड़े पत्रकार एवं दिल्ली भाजपा नेता सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चांदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद एवं रविन्द्र इंद्राज सिंह, यमुनापार विकास बोर्ड अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली, रूरल विकास बोर्ड अध्यक्ष राजकुमार चौहान आदि मौजूद रहे। संगीतमय समारोह में पुरानी दिल्ली के व्यंजनों के साथ ही बिहार के लिटी चौखा, राजस्थान की दाल बांटी एवं कर्नाटक के डोसे और ग्रीन पार्क के प्रसिद्ध चाय वाले की चायकी खास व्यवस्था थी।

## दिवाली पर्व...



नई दिल्ली। गाजीपुर फूल मंडी में मालाएं तैयार करते मजदूर। फोटो : एजेंसी

### अब नए रंग और डिजाइन में नजर आ रही पीडब्ल्यूडी की मेंटेनेंस वैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़कों की मरम्मत और रखरखाव (मेंटेनेंस) करने वाली वैनों को नया रूप रंग दिया है। अब वैनों का रंग भगवा कर दिया गया है। विभाग का कहना है कि वैनों का नया रंग और आधुनिक डिजाइन विभाग की नवाचार, अनुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये वाहन दिल्ली के सड़क नेटवर्क के सुचारू रखरखाव को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे मरम्मत और रखरखाव की जरूरतों पर तुरंत प्रतिक्रिया मिलती है। वर्तमान में पीडब्ल्यूडी शहर भर में लगभग 250 रखरखाव वाहन संचालित करता है, जो नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इन वैनों को उपयोग सड़कों पर गड्ढे भरने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की तत्काल मरम्मत के लिए किया जाता है। वहीं ये वैन पुलों, सड़कों के किनारों और अन्य संरचनाओं के नियमित रखरखाव में मदद करती हैं, ताकि वे सुरक्षित रहें और लंबे समय तक चल सकें।

### ‘निगम मुख्यालय पर परिवार सहित ‘काली दीपावली’ मनाएंगे एमटीएस कर्मी’

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मुख्यालय सिविक सेंटर के गेट नंबर- 5 पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जन स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस कर्मियों ने परिवार सहित 'काली दीपावली' मनाने का ऐलान किया है। 'एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन' के महासचिव देवानंद शर्मा ने शनिवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अब यहां हड़ताल पर बैठे कर्मियों के बीवी बच्चे भी दीपावली पर रोटी और कपड़ा मांगते हैं। इसीलिए परिवार के अन्य सदस्य भी यहां आकर हड़ताल पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारे बच्चों ने भी अपने माता-पिता के साथ अनिश्चित हड़ताल पर बैठने की कसम खा ली है। उन्होंने कहा कि अब निगम शासन-प्रशासन के निर्णय पर हम और हमारे परिवार की नजरें टिकी हैं। यूनियन ने कहा कि यह 'काली दीपावली' निगम प्रशासन की असंवेदनशीलता और वादाखिलाफी के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध होगी।

## प्लास्टिक का उपयोग करें कम, पर्यावरण के अनुकूल अपनाएं सजावटी सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सम्पूर्णा ग्रीन दिवाली मेला 2025 का किया उद्घाटन

एक हरी-भरी दिवाली ही खुशहाल दिवाली है, आइए प्लास्टिक कम करें और पर्यावरण के अनुकूल सजावट का सामान अपनाएं। यह बात शनिवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ‘सम्पूर्णा ग्रीन दिवाली मेला 2025’ के उद्घाटन के अवसर पर कही। महाराणा प्रताप कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-9, रोहिणी में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इसका उद्देश्य सतत, रचनात्मक और समावेशी उत्सवों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. शोभा विजेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे। गुप्ता ने समारोह में सम्पूर्णा के पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से जागरूक उत्सवों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि त्योहारों का उद्देश्य खुशी फैलाना होना चाहिए, न कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना। दिवाली, रोशनी का त्योहार है, साथ ही यह जागरूकता का त्योहार भी होना चाहिए, जो हमें स्वच्छ हवा, जिम्मेदार खपत और सभी के प्रति सहानुभूति की ओर मार्गदर्शन करे।

### दिवाली पर मेट्रो ट्रेन सेवा रात 10 बजे होगी बंद

**नई दिल्ली।** दिवाली पर सोमवार को रात 10 बजे के बाद दिल्ली मेट्रो रेल सेवाएं बंद हो जाएगी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया कि दीवाली पर्व के अवसर पर सोमवार को सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से आखिरी मेट्रो ट्रेन सेवा रात 10 बजे चलेगी। जबकि सामान्य दिनों में टर्मिनल स्टेशनों से अंतिम मेट्रो रात 11 बजे चलती है। वहीं दिवाली की पूर्व संध्या, यानी 19 अक्टूबर 2025 रविवार को, पिंक, मैजेंटा और ग्रे लाइन पर ट्रेन सेवाएं सुबह 6 बजे शुरू होंगी। जबकि आमतौर पर रविवार को सुबह 7 बजे से मेट्रो सेवाएं शुरू होती हैं। जबकि दीवाली के दिन यानी 20 अक्टूबर 2025 सोमवार, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से आखिरी मेट्रो ट्रेन सेवा रात 10 बजे चलेगी। दिवाली के दिन बाकी समय सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएँ नियमित समय से ही चलेंगी।

## लोगों ने जमकर की खरीदारी

# धनतेरस पर दिल्ली के बाजारों में उमड़ी भीड़, जगह-जगह जाम ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिवाली पूर्व धनतेरस के दिन शनिवार को दिल्ली के छोटे बड़े बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। त्योहारी सीजन के चलते सड़कों पर जगह जगह जाम के हालात बनने से लोग बेहाल दिखाई दिए।

राजधानी के थोक बाजारों में शामिल खान मार्केट, मीना बाजार, ग्रेटर कैलाश, चांदनी चौक, जनपथ, पहाड़गंज, खारी बावली, कनॉट प्लेस, सरोजनी नगर, द्वारका, लक्ष्मी नगर, करोल बाग, महिपालपुर, मुखर्जी नगर, बुराड़ी संत नगर, ज्वाला हेड़ी मार्केट, तिलक नगर, नरेला, नजफगढ़, उत्तम नगर, द्वारका, साउथ एक्स, लाजपत नगर आदि शामिल है। धनतेरस पर गाड़ियों में चार पहिया व दोपहिया वाहनों की बिक्री भी खूब हुई। अधिकांश शोरूम ग्राहकों से भरे नजर आए। बाजारों में जहां धनतेरस के चलते सोने चांदी, फल फूल, मिठाई, किराना आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही, लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में रौनक देखकर दुकानदारों व व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। व्यापारियों के बड़े संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) तथा इसकी ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) ने अनुमान जताया कि धनतेरस के अवसर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के सोने चांदी के व्यापार का व्यापार हो सकता है। इस साल धनतेरस पर सोने–चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला, जबकि स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में कुछ गिरावट का अनुमान है। अकेले दिल्ली में यह व्यापार 8-10 हजार करोड़ रुपये का संभावित हुआ है।

## राजधानी में धनतेरस और दिवाली के लिए कड़े सुरक्षा उपाय



नई दिल्ली। धनतेरस और दिवाली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए दिल्ली भर में व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी निवासियों के लिए एक सुरक्षित त्योहार सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों और व्यावसायिक केंद्रों पर विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं। दिल्ली के सभी पुलिस जिलों में पर्याप्त संख्या में दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ-साथ सीएपीएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने यातायात के सुचारू प्रवाह, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और जन सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए अधिकतम जनशक्ति सुनिश्चित की है। दिल्ली यातायात पुलिस प्रतिबंधों और डायवर्जन, निर्धारित पार्किंग स्थानों, महत्वपूर्ण निर्देशों का उल्लेख करते हुए यातायात परामर्श जारी करके जनता को अपडेट भी कर रही है और जनता से यातायात नियमों का पालन करने, निर्देशों का पालन करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और जहां तक संभव हो निजी वाहनों से बचने की अपील की है। दिल्ली पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण बाजारों सहित अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### सीएम द्वारा एक लाख करोड़ रुपये का बजट रखने के बाद भी अब तक 36 प्रतिशत ही हुआ खर्च : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा सरकार पर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करने के बावजूद चालू वित्त वर्ष के 6 महीनों में महज 36 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। इसी सं अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के विकास संबंधी बयानबाजी का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है। जबकि रेखा गुप्ता सरकार ने जो वादे किए थे, 6 महीनों में जमीनी स्तर पर कुछ भी नही कर सकी। क्योंकि भाजपा के पास दूरदर्शिता और दीर्घकालिक योजनाओं की कमी है। यादव ने कहा कि चिंताजनक है कि दिल्ली भाजपा की सरकार बने 8 महीने का समय पूरा हो चुका है, मुख्य सचिव द्वारा अप्रैल से सितम्बर 2025 तक के 6 महीनों में विकास परियोजनाओं के काम की समीक्षा की गई। जिसमें सामने आया कि 1 लाख करोड़ के बजट की घोषणा के बावजूद रेखा गुप्ता सरकार 6 महीनों में बजट का सिर्फ 36 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। वहीं कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए दीर्घकालीन बुनियादी ढ़ांचे और परिसंपत्ति निर्माण के लिए खर्च 31 प्रतिशत हुआ, जो पिछड़ गया है।

### वायु प्रदूषण में मामूली इजाफा, एक्यूआई 254, कई जगह बेहद खराब स्थिति में हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। शनिवार को मामूली बढ़त के साथ सुबह 6:30 बजे तक औसत एक्यूआई 254 अंक दर्ज किया गया, जो खराब कैटेगरी में आता है। शुक्रवार को भी यह आंकड़ा 254 अंक ही दर्ज हुआ था। लेकिन कई क्षेत्रों में यह आंकड़ा बढ़कर 384 के पार दर्ज हुआ। कई क्षेत्रों में सुबह के समय धुंध भी देखने को मिली। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार जहां औसत एक्यूआई 254 अंक दर्ज हुआ। जबकि 5 क्षेत्रों में शामिल वजीरपुर में 368, बवाना में 307, जहांगीरपुरी में 307, सिरी फोर्ट में 303 और आनंद विहार में 384 अंक दर्ज हुआ। जबकि दिल्ली के अधिकतर इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर और 300 के बीच में रहा। दिल्ली में दिवाली से पहले ही हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। वहीं मौसम का मिजाज भी बदलने लगा है और सुबह के वक्त धुंध नजर आने लगी है। हालांकि वहीं दोपहर के वक्त तेज धूप ने पसीने निकालने में कोई कमी नहीं छोड़ी और शाम को हल्की ठंड ने अपनी मौजूदगी का अहसास भी कराया। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार को दिल्ली का मौसम शुष्क बना रहा। अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है।



आवरण कथा / अंशु सिंह

पौराणिक काल से ही दीपावली के अवसर पर दीपों के जरिए हर तरफ उजास-उल्लास फैलाने की पर्व परंपरा चली आ रही है। प्रतीक रूप में यह पर्व हमें अपने भीतर की मलिनता, दुष्प्रवृत्तियों को मिटाकर आत्मजागरण के पथ पर अग्रसर होने का भी संदेश देता है। आइए, इस दीपावली हम अपने बाह्य जगत के साथ ही अंतस को आलोकित करने का भी संकल्प लें।

# दीपावली उजास-उल्लास आत्मजागरण का उत्सव

दीपावली सिर्फ प्रकाश पर्व ही नहीं, यह प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान दिव्यता का उत्सव भी है। अपने आंतरिक प्रकाश पर चिंतन करने और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयास करने का अवसर भी होता है। दीपावली से जुड़े अनुष्ठान और परंपराएं, हमें अपनी आत्मा से जुड़ने और दिव्यता की गहरी समझ विकसित करने में भी मदद करती हैं। दीपावली की रात पहले एक दीया जलाया जाता है, जिससे फिर दूसरे दीयों को प्रज्वलित किया जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे एक छोटी-सी लौ असंख्य दीयों को रोशन कर सकती है। सामूहिक रूप से अंधेरे को दूर कर सकती है।

**जब श्रीराम लौटे अयोध्याधाम:** दीपावली मनाने के आरंभ से जुड़ी कथानुसार चौदह साल बीत गए थे श्रीराम को वनवास गए। अयोध्या में सन्नाटा पसरा था। वहां के वासी एक ऐसे दुःख से गुजर रहे थे, जिसका वर्णन करना कठिन था। घरों में दीप नहीं जलाए जाते थे। लंबी प्रतीक्षा के बाद एक सुबह अयोध्यावासियों को समाचार मिलता है कि श्रीराम वापस आ रहे हैं। यह सुनकर अयोध्यावासी प्रसन्नता से झूमने लगते हैं। श्रीराम के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं। घर-घर में हजारों दीप जल उठे। असल में यह एक प्रकार के सामूहिक प्रेम और आत्मीय जुड़ाव का प्रकटीकरण था। अयोध्यावासियों ने उस दिन सिर्फ दीये ही नहीं जलाए थे, अपनी आत्मा को भी जगाया था। क्योंकि 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम और सीताजी लौट आए थे। इसलिए दीपावली को अंधेरे के अंत के साथ धर्म, आनंद और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक माना गया।

**बढ़ें प्रकाश के पथ पर:** दीपावली का यह त्योहार अपने अंदर झांकने और अपने आंतरिक प्रकाश को बनाए रखने के लिए, इसके प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करता है। विवेकशील मनुष्य हमेशा प्रकाश की ओर देखता है। *तमसो मा ज्योतिर्गमय* का अर्थ भी है- अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़े चलो। अंधकार का त्याग कर, प्रकाश के मार्ग पर बढ़ना ही साधना का पथ है।

**ज्ञान से खत्म करें आंतरिक अंधकार:** यह शाश्वत सत्य है कि ज्ञान, इस जगत का सबसे बड़ा प्रकाश पुंज है। जब ज्ञान का दीप जलता है, तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार, मोह को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई दुराचरण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी आवश्यक है।

**हम प्रज्वलित करें आत्म ज्योति:** दीपावली को अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी कहते हैं। यह प्रार्थना, चिंतन, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का सुअवसर होता है। दीपावली की हर रस्म का एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ है। जैसे, घर की सफाई और सजावट करने का तात्पर्य है, मन की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करना। आध्यात्मिक गुरु एवं राजयोग प्रशिक्षिका बी.के. शिवानी कहती हैं कि इस दिन घर के साथ मन की सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि जब तक मन की सफाई नहीं होती, श्रीलक्ष्मी का आह्वान नहीं किया जा सकता। श्रीलक्ष्मी का आह्वान अर्थात अपने अंदर की पवित्रता, दिव्यता का आह्वान करना। मन में अपवित्रता होने से दिव्यता आ नहीं सकती। जहां किसी के बारे में कुछ बैर होगा, वहां सफाई कैसे! इसलिए मन के कोने-कोने की जांच कर सफाई करनी आवश्यक है। जैसे-जैसे हम सफाई करेंगे, आत्मा के पुराने संस्कार खत्म होते जाएंगे और नए संस्कार उभरने लगेंगे। कहने का आशय है कि मनुष्यों के सोचने का पुराना तरीका छूटता जाएगा। इसीलिए दिवाली में सफाई के साथ नवीनता का भी महत्व है। यह आत्मा की ज्योति जगाने का अवसर है। जब हर चीज, हर सोच, हर भावना नई होगी। हमारे बोलने, व्यवहार, खाने-पीने का, काम करने का तरीका सब नया होगा, तब सही मायने में आत्मा का दीप जल उठेगा।



**बनें स्वयं के दीपक:** प्रकाश पर्व पर दीपों की माला सजाई जाती है। दीपक जलाना न केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत, बल्कि उस आंतरिक प्रकाश का भी प्रतीक है, जो अंधकार और अज्ञानता को दूर करता है। कई महाज्ञानियों, दार्शनिकों ने दीयों की सुंदर आध्यात्मिक व्याख्या की है। उन्होंने दीपक को देह तथा उसमें मौजूद तेल को वासना और जलने वाली बाती को अहम माना है। इस प्रकार, दीपक का जलना व्यक्ति के अंदर की वासना तथा अहम के नष्ट होने का रूपक प्रस्तुत करता है। ऐसा होने पर स्वाभाविक रूप से ज्ञान का प्रकाश फैलता है। अर्थात ज्ञान के उत्पन्न होने से वासना और अहम का स्वयं ही धीरे-धीरे नाश होने लगता है। गौतम बुद्ध ने जीवन के अंतिम क्षण में अपने प्रिय शिष्य आनंद को यही उपदेश दिया, 'अप्प दीपो भवः', यानी स्वयं के दीपक बनो। अपना सत्य खुद ढूंढ़ो। *

## अपने भीतर के प्रकाश को पहचानें

**अगर हम** भारतीय दर्शन के मूल के आधार पर दीपावली पर्व को समझना चाहें, तो मूलतः यह पर्व ज्ञान का स्वागत तथा प्रज्ञा को आत्मसात करने का पर्व है। यह बुराई पर सदाचार की आध्यात्मिक जीत और अज्ञानता तथा नकारात्मकता को दूर करने वाले प्रकाश को रेखांकित करता है। आम जीवन में भी इसकी बड़ी उपयोगिता है। इसे महान दार्शनिक संत आचार्यश्री महाप्रज्ञ के कथन से समझ सकते हैं। वे कहते हैं, 'हमें यदि धर्म को, अपने भीतर के प्रकाश को समझना है और वास्तव में धार्मिक कर्म करना है तो सबसे पहले इंद्रियों का निग्रह करना सीखना होगा। यदि केवल आधे घंटे के लिए सारी इंद्रियों को विश्राम देकर बिल्कुल स्थिर और एकाग्र होकर अपने भीतर झांकना शुरू कर दें और इसका नियमित अभ्यास करें, तो एक दिन आपको कोई ऐसी झलक मिल जाएगी कि आप रोमांचित हो जाएंगे। आप देखेंगे कि भीतर का जगत कितना विशाल, आनंदमय और प्रकाशमय है। वहां कोई अंधकार नहीं, कोई समस्या नहीं है। सिर्फ एक दिव्य प्रकाश है।'



दीपावली पर हम सब घर-आंगन को दीपों से प्रकाशित करते हैं, ताकि हमारे आस-पास कहीं भी अंधेरा ना रह जाए। इसी तरह चेतना और सकारात्मकता के दीपक से मन का अंधियारा भी हम दूर कर सकते हैं।

# अंधेरा कहीं रह ना जाए...

आह्वान
सरस्वती रमेश

दीपावली प्रकाश का उत्सव है। अंधेरा भगाने का उपक्रम। तभी तो इस मौके पर घर, द्वार, खिड़की, गलियारे, मुंडेर, बालकनी, आंगन, छत यहां तक कि घूर पर भी दीया जलाने की परंपरा है। ताकि कहीं अंधेरा न रहे। ये वाह्य अंधकार है, इसे दीपक से भगाया जा सकता है। इसी तरह हमारे भीतर भी अंधकार की एक सत्ता विराजती है। अमूमन हर किसी के भीतर एक अंधकार आंतरिक बुराइयों द्वारा खाद-पानी पाकर पनपता है। निरंतर बढ़ता रहता है। यदि इसे लंबे समय तक हटाया न जाए तो यह सघन होकर हमारे संबंधों, कार्यक्षमता, आचरण और जीवन के तमाम पहलुओं को प्रभावित करने लगता है। इसे हटाने की प्रक्रिया सरल नहीं है। पर असंभव भी नहीं। इसके लिए हमें अपने मन की कोटरों को रोशन करना होगा।

### बनाएं अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता

भीतर का अंधकार बाहर के अंधकार से हमेशा बलवान होता है। इसलिए वहां दीपक जलाने की प्रक्रिया थोड़ी अलग और जटिल होती है। श्रम साध्य होती है। यह दीपक हमारी अच्छाइयों के तेल से प्रज्ज्वलित होता है। सत्य, करुणा और सद्भावना जैसी अच्छाइयों की रोशनी से इसे जलाने की लौ मिलती है। इसलिए इस दीपावली अपने मन की सारी बुराइयों को झाड़-पोंछ बाहर का रास्ता दिखाइए। अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता बनाइए। ठीक वैसे ही जैसे माता लक्ष्मी के आगमन के लिए आज भी हम लोग दीपावली पर रात-रात भर घर के किवाड़ खोलकर उनके आने का रास्ता बनाते हैं। इसी तरह जब बुराइयों का अंधियारा मन के भीतर सघन हो, तब उसे हटाने के लिए संकल्प शक्ति की भी आवश्यकता पड़ती है।

### अंतर्मन से ही मिलेगी प्रेरणा

भीतरी अंधेरे को भगाना आध्यात्मिक यात्रा की तरह आनंदमय अनुभूति है। इस यात्रा में हमारा आत्मबल सह यात्री की भूमिका निभाता है। साहस और चेतना इस यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। आत्म-जागृति इसकी मंजिल है। भीतरी अंधेरे को भगाना अर्थात एक बेहतर मनुष्य बनने का प्रयास करना। ऐसा मनुष्य, जो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत हो। जो समाज को जीने का नया नजरिया दे। जो जीवन की अच्छाइयों के प्रति लोगों में विश्वास पैदा करे। भय, निराशा, अविश्वास के दुष्चक्र से उन्हें बाहर निकलने का मार्ग सुझाए। ऐसी प्रेरणा हमारे भीतर तभी प्रस्फुटित हो सकती है, जब हम स्वयं अपने दीपक बन जाएं। एक तरह से अपनी शक्तियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें निरंतर परिष्कृत करते रहना ही है, अपना दीपक स्वयं बनना। यानी सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा हमें अंतर्मन से ही मिल सकती है।

### सकारात्मकता का दीपक

अब मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि हमें अपना दीपक स्वयं बनने की आवश्यकता क्यों है? या मन का दीपक जलाने जैसा श्रमसाध्य कार्य क्यों किया जाए? हम सभी इस बात से अवगत हैं कि यह संसार किसी अदृश्य पराशक्ति से परिचालित होता है। वही शक्ति हम सभी मनुष्यों के भीतर भी होती है। मगर मनुष्य जीवन में नकारात्मक शक्तियां भी कार्य करती हैं। ये शक्तियां पग-पग पर भटकाव और अंधेरा फैलाती हैं। ये मनुष्य के मस्तिष्क को भ्रष्ट कर, उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती हैं। सवाल है, इन नकारात्मक शक्तियों से आखिर छुटकारा कैसे मिल सकता है? इसका उत्तर है, हमारे भीतर प्रज्ज्वलित होने वाला चेतना का दीपक ही हमें सही राह दिखाता है। भटकने से बचा सकता है। हमारे अंदर सकारात्मकता फैलाता है। अंधेरे की शक्तियों से लड़ने का साहस और शक्ति प्रदान करता है। हमारे भीतर अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। बिल्कुल इस



विविधता भरी और रहस्यमयी सृष्टि की तरह। उन संभावनाओं को पहचानने के लिए जरूरी है कि उन तक हमारी दृष्टि पहुंचे। वह कैसे पहुंचेगी? इसी चेतनामयी सकारात्मक दीपक के जरिए, जिसे हमें अपने भीतर प्रज्ज्वलित करना होगा।

### भीतर-बाहर फैले उजियारा

मन के भीतर चेतना और सकारात्मकता का दीप जलाने के लिए आत्मनिरीक्षण करना बेहद जरूरी प्रक्रिया है। स्व का निरीक्षण अर्थात अपनी भावनाओं की बेहतर समझ। अपने डर, अपनी कमियों, अपने गुणों-अवगुणों के अंधेरे-कोनों को जानना। उन पर बेहतर पकड़ बनाना। एक मंझे हुए चालक की तरह अपनी भावनाओं की गाड़ी पर नियंत्रण करने की योग्यता विकसित करना। जब हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख लेते हैं तो हमारे साथ हमारे आस-पास का समाज भी सुरक्षित, सुसज्जित और प्रकाशमय बनता है। जिस तरह एक नन्हा दीपक बड़े से भू-भाग को आलोकित करता है, उसी तरह एक बुराई की अग्नि सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं जलाती बल्कि समाज को भी भस्म कर देती है। इसे जानना और बाहर निकालना तभी संभव है, जब हम अपने मन में सकारात्मकता का दीपक जलाएं। सिर्फ जलाएं ही नहीं, उसे बाधित करने वाली, बुझाने वाली शक्तियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी करें। दीपावली के मूल में जो संदेश निहित है, वह यही है। दुनिया को रोशन करने से पहले खुद को रोशन करना।

इस संदर्भ में प्रसिद्ध गीतकार गोपाल दास नीरज की पंक्तियां सहज ही स्मरण हो आती हैं -

जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना,
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। *

पूजन-परंपरा / अनीता जैन

# दीपोत्सव पर ऐसे करें गणपति-लक्ष्मी की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इसको दामोदर मास भी कहा जाता है।

**कार्तिक मास का महात्म्य:** कार्तिक महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार आते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। स्वयं ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है।

न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं'।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि वस्तुओं के दान को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।

**सर्वश्रेष्ठ पूजन दिवस दीपावली:** कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत विशेष माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दिवाली का दिन मां लक्ष्मी के भी स्वागत का दिन है। हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या सर्वोपरि मानी गई है।



**दीपावली की पूजन-विधि:** इस दिन प्रदोष वेला से लेकर पिशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह पिशाच वेला रात्रि 2 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले से लेकर 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी, वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मीजी और गणेशजी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में पूजन सामग्री के अलावा श्रद्धा का नैवेद्य भी अवश्य चढ़ाएं। भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मीजी आपसे प्रसन्न होंगी। पूजा में कमल पुष्प और आंवले को भी शामिल करें तो और उत्तम रहेगा। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि फूलों से भी मां की आराधना कर सकते है। साथ ही श्रृंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश को भी पूजनस्थल पर लेकर बैठें। सर्वप्रथम ॐ पुंडरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर गंगाजल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए 'ॐ भूम्यै नमः' कहें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए

ॐ दीपोज्योतिः परब्रह्म दीपोज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु में पापं पूजा दीपं नमोस्तुते!

का जाप करते हुए संकल्प करें।

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद
श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण करें। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें। फिर दोनों की आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं।

विद्यार्थीजन इस दिन माता महासरस्वती का यह मंत्र जप करें

या देवि! सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता!
नमस्तस्यै! नमस्तस्यै! नमस्तस्यै नमोनमः!

इससे मां सरस्वती की भी कृपा प्राप्त होती है। *



नवगीत
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## हम जलते हुए दीप हैं

मोती भरे से सीप हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
अपने हृदय को
हम भरे हैं स्नेह से,
हम धरा पर हैं
बरसते मेह से,
हम प्रेम से सींचेंगे
मन की क्यारियां,
रहने न देंगे
द्वेष की चिनगारियां
हम महकते फूल हैं जी
हम रसीले गीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
हम जलाते हैं
स्वयं को ज्योति बन,
छल, कपट से मुक्त
अपना स्वच्छ मन,
हम विहंस
सबको लगाते हैं गले,
अपने लिए
सारे सगे, सारे भले
हम नहीं दुश्मन किसी के
हम सभी के मीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।

लघुकथाएं


## खुशी की रोशनी

दीपावली की शाम थी। वातावरण में खुशियों की खनक थी। लेकिन सामने वाले फ्लैट का दरवाजा बंद था। सूने से उस दरवाजे को देखकर ऐसा लग रहा था, उस घर में कोई हलचल ही न हो। पूरे दिन में बस दो-तीन बार ही वह दरवाजा तभी खुलता था, जब कामवाली बाई आती-जाती थी या फोन करके मंगवाया हुआ दूध-सब्जी जैसा सामान देने कोई आता था। हालांकि इसी घर में कभी खूब चहल-पहल हुआ करती थी। लेकिन दो साल पहले जब इस घर में रहने वाले अंकल और आंटी के जवान बेटे और बहू की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, तब से इस घर में उदासी बनी रहती है। इस ट्रेजडी के बाद से अंकल-आंटी घर से न के बराबर ही निकलते थे। कोई रिश्तेदार या दोस्त भी उनके घर में नहीं आता था।

मैं कुछ देर तक उस फ्लैट के बंद, सूने दरवाजे को देखती रही। फिर मैंने एक-एक करके पांच दीये उस दरवाजे के सामने जला कर रख दिए। इसके बाद दरवाजे की फोटो खींचकर उन अंकल-आंटी के फोन पर भेज दी। आंटी को फोन करके बता भी दिया।

थोड़ी देर बाद उनके फ्लैट का दरवाजा खुला। अपने दरवाजे के सामने जलते हुए दीयों को देखकर अंकल-आंटी के चेहरे खुशी से रोशन हो उठे। आशा बंधी, उन दोनों के मन के भीतर बैठी उदासी अब छंट जाएगी। *

- हरीश कुमार 'अमित'





## खुद्दारी

शहर दिवाली की रोशनी से जगमगाया हुआ था। मैं अपने पति के साथ दिवाली की खरीदारी करने बाजार आई थी। मेरे पति की नजर एक छोटे से बच्चे पर पड़ी, जो जोर-जोर से आवाज लगा रहा था, 'ले लो, दस के बारह दीये ले लो...।'

पति को उस गरीब बच्चे पर दया आ गई। उन्होंने मुझसे उस बच्चे से दीये खरीदने के लिए कहा। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे डिजायनर दीपक लेने थे, जबकि उसके पास केवल सादे दीये थे। पति ने फिर कहा, 'अरे गरीब बच्चा है, खरीद लो न।' मैं उनका मन रखने के लिए बच्चे से दीये खरीदने को तैयार हो गई।

'दस रुपए के बीस के हिसाब से लगा दो, तुम्हारे दीये कुछ खास नहीं हैं।' मैं मुंह बनाकर बच्चे से बोली।

'नहीं हो पाएगा मैडम जी।' बच्चे ने सपाट स्वर में कहा।

'अरे, ले भी लो।' पति ने कहा तो मैंने पचास दीये ले लिए। पैसे देकर आगे बढ़ी ही थी कि पीछे से वह बच्चा दौड़ता हुआ आया, 'मैडम जी..!'

'अब क्या है? मैंने पूरे पैसे दे तो दिए हैं।' मैं चिढ़ कर बोली। 'पर्स से पैसे निकालते समय आपका मोबाइल गिर गया था, वही लौटाने आया हूं।' बच्चा मासूमियत से बोला।

बच्चे की ईमानदारी देखकर हम दोनों स्तब्ध रह गए। अभी कुछ देर पहले बच्चा एक पैसा कम करने को तैयार नहीं था, वह अब मोबाइल लौटाने चला आया।

मोबाइल हाथ में पकड़ाकर बच्चा जाने लगा तो मैंने रोका। उसे सौ का नोट देते हुए बोली, 'सुनो, यह लो, मिठाई खा लेना।' 'इसकी कोई जरूरत नहीं मैडम जी। हम मेहनत की खाते हैं, इसी में खुश रहते हैं।' कहकर वह बच्चा चला गया। उसकी खुद्दारी देखकर हम दंग रह गए। *

-शीला श्रीवास्तव

नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## अंधियारे ने कहा दीप से



अंधियारे ने कहा दीप से,
जग ने मिथ्या भ्रम फैलाया
तुझे जलाया मुझे मिटाने,
अब तक तू ये समझ न पाया।
मिला तुझे क्या मुझे घटाकर
खुद भी जलता रहा रात भर
मुझे अकारण ही उलाहना
दिया जगत ने बात-बात पर।
मैं दुनिया में अजर-अमर हूं
सबने केवल अवगुण गाया।
मेरी किस्मत में लिक्खा है
पीड़ा, कुंठा, एकाकीपन
तुझे मिला स्वागत-अभिनंदन
यश ,कीर्ति, पूजा और वंदन
जिसने जैसा कर्म किया था
वो उसके हिस्से में आया।
गलत काम का हूं मैं साक्षी
इसमें मेरा दोष नहीं है
सुख होगा तो दुख भी होगा
आज किसी को होश नहीं है
तन माटी में मिल जाएगा
साथ नहीं जाएगी माया।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की पुष्टि

# दक्षिण कोरिया में होने जा रहे एपीईसी समिट में जिनपिंग से होगी मुलाकात

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात होने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वह अगले कुछ सप्ताह में दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं (जो विभिन्न सैन्य और वाणिज्यिक उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक घटक हैं) पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने का फैसला लिया। इसके बाद से दोनों महाशक्तियों के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं।

- अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर तनाव
- टैरिफ के कारण ही यूएस की राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित



## व्यापार समझौते की उम्मीद जताई

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि कोरिया में होने वाली संभावित बैठक से पहले अमेरिका बहुत मजबूत स्थिति में है। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक से व्यापार समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि वे बातचीत करना चाहते हैं और हम बातचीत कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हम एक ऐसा समझौता करेंगे जो दोनों के लिए अच्छा होगा। मुझे लगता है कि हम कुछ करेंगे।

### चीन ने मजबूर किया

चीन के खिलाफ टैरिफ योजना पर, राष्ट्रपति ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ टिकाऊ नहीं है, लेकिन उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया। मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारा रिश्ता ठीक रहेगा। ट्रंप ने शी की भी प्रशंसा की और कहा कि मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं, वह एक बहुत ही मजबूत नेता और अद्भुत इंसान हैं। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि चीन ने अमेरिका को धोखा दिया है।

### हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो

राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ का भी ज़िक्र किया और जोर देकर कहा कि हम बस यही चाहते हैं कि हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो। लेकिन निष्पक्षता यह है कि सैकड़ों अरबों और यहां तक कि खरबों डॉलर अमेरिका में आ रहे हैं और टैरिफ के कारण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित है। अगर टैरिफ नहीं होते, तो हमारी कोई राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं होती। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

---

## खबर संक्षेप

### नाव दुर्घटना में 3 भारतीयों की मौत



**मापुटो।** मोज़ाम्बिक स्थित भारतीय उच्चायोग के अनुसार, मध्य मोज़ाम्बिक के बेइरा बंदरगाह के तट पर चालक दल के स्थानांतरण अभियान के दौरान एक टैंकर के चालक दल के सदस्यों को ले जा रही एक लॉन्च बोट के पलट जाने से कम से कम तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और पाँच अन्य लापता हैं। यह घटना शुक्रवार को तट पर लंगर डाले एक जहाज पर चालक दल के सदस्यों के नियमित स्थानांतरण के दौरान हुई। नाव में कुल 14 भारतीय नागरिक सवार थे। 5 भारतीयों को दुर्घटना से सफलतापूर्वक बचा लिया गया और वे सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश किंग के छोटे भाई ने शाही उपाधियां छोड़ी



**लंदन।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू ने अपनी सभी रॉयल उपाधियां छोड़ने का ऐलान किया है। एंड्रयू ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि वे अब 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' जैसे टाइटल का इस्तेमाल नहीं करेंगे। प्रिंस एंड्रयू का नाम यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन के केस में सामने आ चुका है। इसके अलावा पैसों की गड़बड़ी और एक कथित चीनी जासूस से रिश्तों को लेकर भी सवाल उठे थे। एंड्रयू का कहना है कि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'पूरी तरह नकारते हैं', लेकिन घोटालों की वजह से उनकी छवि को नुकसान पहुंच रहा था।

### यमन के तट पर टैंकर में आग, भागा चालक दल



**अबू धाबी।** यमन के तट के पास अदन की खाड़ी में शनिवार को एक बड़ा समुद्री हादसा हुआ। ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों के अनुसार, एक जहाज पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यमन के हूती विद्रोही लाल सागर और अदन की खाड़ी में लगातार जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मेरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने इस हमले की पुष्टि की है। यह घटना अदन से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व में हुई।

---

### भारतीय कंपनी इंडिगो पहले ही दोनों देशों के बीच शुरू कर चुकी है अपनी सेवाएं

# चीन की ईस्टर्न एयरलाइंस 9 नवंबर से शंघाई से नई दिल्ली के बीच शुरू करेगी हवाई सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच पूर्वी-लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे वक्त तक चले विवाद की समाप्ति के बाद चीन की ईस्टर्न एयरलाइंस ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अगले महीने 9 नवंबर 2025 से शंघाई और नई दिल्ली के बीच सीधी हवाई उड़ान सेवाओं की शुरुआत करने का ऐलान किया है। करीब पांच साल बाद दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं की शुरुआत हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सितंबर महीने में तियानजिन में आयोजित किए गए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर हुई द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान इस मामले पर सहमति जताई गई थी। जिसे सीमाई विवाद के हल होने के बाद संबंधों को एक बार फिर से सामान्य बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोनों देशों के प्रमुख शहरों के बीच प्रत्येक सप्ताह बुधवार, शनिवार और रविवार को उड़ानों का संचालन करेगी। शंघाई के पंडोंग हवाईअड्डे से 12 बजकर 50 मिनट पर विमान उड़ान भरेगा और यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पौने छह बजे उतरेगा।

### इंडिगो भी शुरू कर चुकी अपनी सेवाएं

चीन से पहले भारत की निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो चीन के ग्वांगझू से कोलकाता के बीच इसी महीने 26 अक्टूबर से उड़ान सेवाओं की शुरुआत कर चुकी है। बताते चलें एलएसी पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच 2020 के मध्य में विवाद शुरू हुआ था।

लेकिन इसी दौरान जून महीने में हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद तनाव चरम पर जा पहुंचा।

दोनों सेनाओं ने सीमाओं पर सैनिकों की संख्या के साथ भारी-भरकम हथियारों का जमावड़ा बढ़ा दिया। लेकिन विवाद के बीच तनाव को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक बैठकों का भी लंबा दौर चला। अंत में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष पिछले साल रूस के कजान शहर में मिले और उनकी बातचीत में एलएसी विवाद को पूरी तरह से खत्म करने पर सहमति जताई गई। तनाव समाप्ति के बाद ही भारत, चीन के आपसी संबंध अब धीरे-धीरे पहले की तरह सामान्य हो रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत, पर्यटक वीजा की बहाली, लगातार संवाद प्रक्रिया का आगे बढ़ना, प्राचीन व्यापारिक मार्गों को खोलना मुख्य है। चीन भारत को दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की आपूर्ति के लिए भी सकारात्मक रुख अख्तियार किए हुए है।



**एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच चीन में हुई बैठक का अहम निष्कर्ष**



### टैरिफ संकट के बीच उठाया गया बड़ा कदम

संबंधों को सामान्य बनाने की ये कवायद दोनों देशों पर अमेरिका की तरफ से लगाए गए टैरिफ संकट के बीच चल रही है। अमेरिका ने रूस से जारी दोनों देशों की तेल खरीद को लेकर भारत पर 50 फीसदी और चीन पर 1 नवंबर से 100 फीसदी से अधिक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। दोनों देशों ने अमेरिका के रुख की सख्त लहजे में आलोचना की है। भारत पहले ही साफ कर चुका है कि यह फैसला पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण है। जबकि चीन अमेरिका को चेतावनी भरे लहजे में साफ कर चुका है कि उसके टैरिफ संबंधी निर्णय के परिणाम हानिकारक होंगे। जिसके तहत ड्रैगन ने अमेरिका का नाम लेकर दुनियाभर के देशों को किए जाने वाले दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के निर्यात से जुड़े नियमों में सख्ती की घोषणा कर दी है। अमेरिका इससे तिलमिलाया हुआ है।

---

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव का दावा

# भारत जल्द अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में एआई के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डाला और घोषणा की कि बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप सर्वम इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी तक अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा।

उन्होंने कहा कि वह सर्वम के मॉडल के लॉन्च होने के बाद उसका उपयोग करने के लिए उत्साहित हैं। केंद्रीय मंत्री ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई हब स्थापित करने के गूगल के प्रस्ताव की भी प्रशंसा की और दावा किया कि इससे भारत में एआई रिसर्च के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कंप्यूटर सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। इनके उपलब्ध होने के बाद क्वालिटी रिसर्च करने और एआई एप्लीकेशन बनाने की क्षमता में सुधार होगा।

### देश की प्रतिभा को यहीं अवसर देंगे

*अश्विनी वैष्णव ने सरकार के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि भारत आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण खनिजों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे देश का टैलेंट देश के बाहर जाने के बजाय देश में ही अवसरों को पाएं। सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के अपने प्रयास के तहत डिजिटल क्रेडिट पर बड़ा कदम उठा रही है। वर्तमान में 13 से अधिक देश भारत के यूपीआई फ्रेमवर्क का उपयोग कर रहे हैं और 50 से अधिक देशों ने आधार फ्रेमवर्क को लागू करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने डेटा को नया तेल और डेटा केंद्रों को नई रिफाइनरियां बताया।*

### भारत के 5जी नेटवर्क से दुनिया अचंभित

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 5जी को इतनी तेजी से लागू किया कि दुनिया चकित रह गई। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी नेटवर्क है। इससे हमें दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिली। देश का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा 5जी नेटवर्क से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 6जी पूरी तरह से अलग होगा। आपके हाथ में जो कुछ भी होगा, वह उस नेटवर्क का हिस्सा होगा।

---

### दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला

# खतरे में डाल सकती है छोटी सी चूक सुरक्षाकर्मी की 'बर्खास्तगी' बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दसवीं के फर्जी प्रमाणपत्र से जुड़े एक मामले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जलवाहक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा बलों में कोई भी भूमिका छोटी नहीं होती है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद व न्यायमूर्ति विमल कुमार यादव की पीठ ने कहा कि किसी सुरक्षा/पुलिस संगठन में काम करने वाले व्यक्ति की एक छोटी सी चूक सीआरपीएफ कर्मियों, आम लोगों और देश के जीवन, अंगों और संपत्ति को खतरे में डाल सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को खारिज कर दिया कि वह गैर-लड़ाकू कर्मचारी था और किसी भी सुरक्षा ड्यूटी में शामिल नहीं था। ऐसे में बर्खास्तगी की सजा अनुपातहीन है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति 2011 में हुई थी, लेकिन जब उनके शैक्षिक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, तो पता चला कि उनकी दसवीं का प्रमाणपत्र फर्जी था। इस प्रकार उसे 2018 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।




### पाक आर्मी चीफ ने परमाणु हमले की दी गीदड़भभकी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार भारत के खिलाफ बेतुका बयान दिया है। मुनीर ने शनिवार को गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत के छोटे से उकसावे पर भी 'माकूल जवाब' दूंगा। उन्होंने कहा कि 'न्यूक्लियराइज्ड माहौल' में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में प्रीमियर पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी काकुल में पासिंग आउट आर्मी कैडेट्स के ग्रेजुएशन सेरेमनी में ये बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत को पक्के तौर पर सावधान करता हूं कि न्यूक्लियराइज्ड माहौल में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर ने कहा कि हम कभी डरेंगे नहीं, बयानबाजी से मजबूर नहीं होंगे और बिना किसी झिझक के छोटे से उकसावे का भी मजबूती से जवाब देंगे। मुनीर ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने सभी खतरों को कथित तौर पर न्यूट्रलाइज करके काबिलियत दिखाई है और भारत के खिलाफ 'जीत' हासिल की है।

---

### जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद बोले ट्रंप

# जहां हैं, वहीं रुक जाएं यूक्रेन और रूस, क्रूर युद्ध खत्म करें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। ट्रंप ने संकेत दिया कि यूक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें।

### रूस अपना कब्जा रखे



*बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे वहां उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा।*

### यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल की जरूरत नहीं

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से लड़ने के लिए टॉमहॉक मिसाइलें मांगी। इस पर ट्रंप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि यूक्रेन को कभी टॉमहॉक की जरूरत ही न पड़े। हालांकि, जेलेंस्की ने टॉमहॉक के बदले में यूक्रेन में बने हजारों ड्रोन देने की डील रखी।

---

## पेज एक का शेष

### ब्रह्मोस की रेंज...

ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा केंद्र में निर्मित चार ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी प्रदान करने के लिए आयोजित किए गए समारोह को संबोधित करते हुए दी। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने बूस्टर बिल्डिंग का उद्घाटन किया और डाकिंग प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी देखा। इस केंद्र में निर्मित मिसाइलों को भारतीय सेना को सौंपा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के बयान को मीडिया से साझा किया है। यहां बता दें कि वो ब्रह्मोस मिसाइल ही थी। जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस, कमांड-कंट्रोल सिस्टम को अपने अचूक वार से नेस्तनाबूद कर दिया था। जिससे घबराकर दुश्मन 10 मई 2025 को भारत के साथ संघर्षविराम करने के लिए मजबूर हो गया। ब्रह्मोस मिसाइल भारत, रूस का संयुक्त उपक्रम है। जिसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर पड़ा है। देश में ब्रह्मोस की सुविधाएं नई दिल्ली, हैदराबाद और लखनऊ में मौजूद हैं।

**भारत में बनी रहे आपूर्ति श्रृंखला:** वैश्विक संघर्षों के बीच प्रभावित होती कलपुर्जों की आपूर्ति श्रृंखला को लेकर राजनाथ ने उन छोटे उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। जो किसी प्रमुख हथियार प्रणाली के एकीकरण के लिए आवश्यक हजारों कलपुर्जों, तकनीकों का उत्पादन करते हैं। जिससे दूसरों पर निर्भरता घटेगी। तकनीकी विकास के साथ आपूर्ति श्रृंखला में भी विविधता आती है। जो अक्सर दूसरे देशों से जुड़ी हुई होती है। अगर वह व्यक्ति, कंपनी या देश संबंधित कलपुर्जे की आपूर्ति से इंकार कर देता है। तब आपके उत्पाद का निर्माण नहीं होगा। इसलिए घरेलू स्तर पर हमारे छोटे उद्योगों को इतना मजबूत करने की जरूरत है कि हमें अपने कलपुर्जों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। रक्षा मंत्री ने उन्नत सीकर से लेकर रैमजेट इंजन तक के स्वदेश में विकास पर बल दिया। साथ ही कहा कि इससे हमारी आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित न हो। छोटे उद्यमियों को रक्षा इकोसिस्टम में एकीकृत करने के लिए एक उचित परियोजना रोडमैप बनाने का आह्वान भी रक्षा मंत्री ने किया। सूबे का रक्षा गलियारा तभी सफल होगा जब बड़ी कंपनियों के साथ छोटे उद्योग भी विकसित होंगे। ब्रह्मोस जैसी सुविधाएं न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। बल्कि अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती हैं।

### भारत को पड़ ....

हमारे दुश्मन ब्रह्मोस के वार से बच नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं। बल्कि देश की बढ़ती शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। समय बीतने पर जैसे-जैसे ब्रह्मोस मिसाइल की विश्वसनीयता बढ़ेगी। वैसे ही लखनऊ की पहचान भी और मजबूत होगी। रक्षा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगा। ब्रह्मोस जैसी शक्तियां ये विश्वास दिलाती हैं कि मेक इन इंडिया अब सिर्फ नारा नहीं। बल्कि भारत की हकीकत है।

### दो देशों के ....

लखनऊ इकाई का कारोबार 3 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। जबकि सालाना 500 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह होगा।

### 100 मिसाइलों ....

रक्षा दोनों के एक नए युग का प्रतीक बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक समय में उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाराज के रूप में होती थी, निवेशक यहां नहीं आते थे। लेकिन अब मौजूदा सीएम के मजबूत नेतृत्व में राज्य का चेहरा बदल गया है। यूपी अब निवेश, उद्योग और नवाचार का केंद्र बन रहा है।

### लखनऊ में ....

महत्वपूर्ण हैं। भारत अब अपने मेटेरियल्स, कंपोनेंट्स और चिप्स खुद तैयार कर सकेगा। जिससे देश की तकनीकी संप्रभुता और आत्मनिर्भरता मजबूत होगी। राजनाथ के मुताबिक, ये प्लांट केवल मशीन, एलॉयज ही नहीं बना रहा है। बल्कि ये देश की तकनीकी संप्रभुता की नींव तैयार कर रहा है।

## पेज 3 का शेष

### ढाका एयरपोर्ट के....

हवा खराब हो गई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। ढाका एयरपोर्ट अथॉरिटी के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे सारे हवाई जहाज ठीक-ठाक हैं। इस बीच फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के प्रवक्ता ताल्हा बिन जाशिम ने बताया कि बांग्लादेश फायर सर्विस, सिविल एविएशन अथॉरिटी, वायुसेना की दो फायर यूनिट्स और नौसेना की टीमों ने आग बुझाई। 30 से ज्यादा अग्निशमन दस्ते जुटे।

### कई फ्लाइट ग्राउंड....

घरेलू उड़ानों को ढाका में उतारने के बजाय वापस चटगांव भेज दिया गया है।

### भक्तों के 2 करोड़ ...

किसी में 10 तो किसी में 500 रुपए नजर आ रहे हैं। इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी हैं। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी। मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपए से मंदिर को सजाया गया है। आज तक यहां से एक रुपया इधर से उधर नहीं हुआ है। धन राशि देने वालों में रतलाम के अलावा प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। दीपोत्सव के पहले दिन यानी आज धनतेरस से मंदिर की सजावट को भक्त निहार सकते हैं। संभवतः यह देश का पहला ऐसा मंदिर है, जो पांच दिनों तक भक्तों द्वारा अर्पित आभूषण और नोटों से सजा रहता है। मंदिर में पूजा कराने वाले अश्विनी पुजारी बताते हैं कि करीब 300 साल पुराना महालक्ष्मी जी का यह मंदिर रियासतकालीन है। रतलाम के महाराजा रतन सिंह राठौर ने जब रतलाम शहर बसाया, तब से यहां दीपावली धूमधाम से मनाई जाने लगी।

**उज्जैन का गज लक्ष्मी मंदिर 40 लाख के नोटों से सजा:** यहां गज लक्ष्मी मंदिर धन तेरस पर मंदिर को 40 लाख के नोटों से सजाया गया है। दीपावली पर माताजी का 2100 लीटर दूध से अभिषेक कर मुख्य पूजा होगी। उज्जैन के नई पेठ स्थित प्रसिद्ध गजलक्ष्मी मंदिर में दीपावली पर्व के पांच दिनों में पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान गजलक्ष्मी मंदिर को सजाया भी जाता है। खासकर धन तेरस पर। इसलिए शनिवार को मंदिर में आकर्षक लाइट लगाने के साथ 40 लाख के 100, 200 और 500 के नोटों की लड़ियां बनाकर मंदिर को सजाया गया।


वहीं, तड़के से ही बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। नोटों से सजावट के कारण सुरक्षा के लिए 6 सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए हैं। सुरक्षा चाकचौबंद की गई है।

### बाकायदा होती है ....

आराधना कराते थे। इसके लिए महाराजा शाही खजाने के सोने-चांदी के आभूषण मां लक्ष्मी जी के श्रृंगार के लिए चढ़ाते थे, तभी से ये परंपरा चली आ रही है। धीरे-धीरे व्यवस्था बदलती गई और भक्त मंदिर के लिए चढ़ावा लेकर आने लगे। अभी यह मंदिर सरकारी होकर कोर्ट ऑफ वार्ड्स में आता है। प्रशासन भी सजावट को लेकर पूरी निगरानी रखता है। ऑनलाइन एंट्री में नकदी व आभूषण देने वाले भक्तों का नाम, पता, पासपोर्ट फोटो और मोबाइल नंबर के साथ क्या धन राशि या आभूषण दी, उसकी डिटेल लिखी गई।

### गरीब रथ एक्सप्रेस में ....


कारण लगी। आग की चपेट में आये तीन कोच व जनरेटर कार को अलग कर ट्रेन को सरहिंद से रवाना कर दिया गया। क्षतिग्रस्त हुए कोच की सवारियों को दूसरे डिब्बों में बैठाकर अंबाला तक भेजा गया। अंबाला में चंडीगढ़ से तीन अतिरिक्त कोच मंगा कर ट्रेन में जोड़े गए। गरीब रथ में आग लगने के कारण लुधियाना-अंबाला के बीच रेल यातायात साढे चार घंटे तक बाधित रहा। इस बीच वंदे भारत और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेने भी बाधित हुईं।



# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

अर्थ : जो मंगल करने वाले और अमंगल को दूर करने वाले हैं, वो दशरथ नंदन श्री राम हैं, वो मुझ पर अपनी कृपा करें।

## आत्ममंथन का दीप जलाएं



दीपोत्सव
मुनीष भाटिया
स्वतंत्र पत्रकार



आज समाज में चहुँ ओर हिंसा, अराजकता व झूठ का बोलबाला है। युद्ध और आतंकवाद के वातावरण में इंसानियत को तार-तार किया जा रहा है। हिंसा और नफरत भरे माहौल के कारण ही आज ऐसा वातावरण बन रहा है कि इंसानियत और हैवानियत की दूरियां कम होती जा रही हैं। यह सच है कि जब समाज में हिंसा, नफरत, और अराजकता का बोलबाला होता है, तो इसका असर हर व्यक्ति पर पड़ता है। हमारे मन में जमा नकारात्मकता और दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति समाज में नैतिकता के स्तर को गिरा रही है। कहते हैं कि 'आत्मनिरीक्षण ही आत्म-सुधार का पहला कदम है।' यदि हम अपने दोषों और कमजोरियों को पहचान कर उनमें सुधार लाने की कोशिश करें, तो इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। मन में व्याप्त अमावस का ही परिणाम है कि हम दूसरे के दोषों की चर्चा तो खूब करते हैं किन्तु अपनी गलतियों पर पर्दा डाल लेते हैं। दूसरों के दोष तो हमें नजर आ जाते हैं किन्तु स्वयं का बड़े से बड़े अपराध का भी हम आत्मनिरीक्षण करने की कोशिश तक नहीं करते। आज के गिरते मानवीय जीवन चरित्र को देखते हुए यह धारणा प्रबल हो चली है कि 'दोस पराए देखि करि चला हसंत-हसंत' अर्थात यह मनुष्य का स्वभाव है कि जब वह दूसरों के दोष देखकर हंसता है, तब उसे अपने दोष याद नहीं आते जिनका न आदि है न अंत। दूसरों के दोषों को देखने के बजाय यदि हर व्यक्ति अपने मन की 'अमावस' को दूर कर, उसे सच्चाई और मानवता के उजाले में बदलने का प्रयास करे, तो यह न केवल समाज के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी अत्यंत लाभकारी होगा। हमें अपने मन को अशांति और द्वेष से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसी सोच के साथ नैतिकता और इंसानियत की ओर एक कदम बढ़ाकर हम एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। दूसरों के प्रति अपने दुर्व्यवहार व अपने दोषों अनुसार सामाजिक मूल्यों के संदर्भ में कबीर द्वारा कही गई वाणी अपने याद न आवई जाको आदि न अंत' यह एक विडंबना ही कही जाएगी कि आत्म निरीक्षण व आत्म विश्लेषण कर अपनी गलतियों को सुधारने की बजाए हम अपने विवेक दर्पण में वही सब कुछ देखना चाहते हैं जैसा हमारा मन करता है। कबूतर की तरह आँख मूंदे रहने की भावना ने समाज को किंकर्तव्यविमूढ़ बना दिया है। राजनीतिक रूप से बदले की भावना इतनी प्रबल हो चली है कि नैतिकता के सभी आयाम को चुनौतियां दी जा रही हैं। अपने मन की अमावस में आत्ममंथन का दिया जलाने का रत्ती भर बी प्रयास नहीं करते। निज की स्वस्थ आलोचना कर व अपने गुण दोषों को हम देखना भी नहीं चाहते। यही कारण है कि सामाजिक अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। परिवार, उसकी प्रथम इकाई होने के कारण, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि परिवार में ही अपराध, हिंसा, और महिलाओं के प्रति शोषण जैसी घटनाएं होती हैं, तो समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं न केवल पीड़ित के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा आघात होती हैं।

### नैतिक पतन

आज के समय में, शीर्ष नेताओं और जनप्रतिनिधियों में आत्मनिरीक्षण की कमी और प्रतिशोध की भावना का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। समाज में जो अपराध और अनैतिकताएं बढ़ रही हैं, वे कहीं न कहीं उन व्यक्तियों के नैतिक पतन को दर्शाती हैं जो समाज का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। यदि शीर्ष पर बैठे लोग ही नैतिकता के उच्च मानदंडों का पालन नहीं करेंगे, तो यह समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा, और फिर आम जनमानस में भी अनुशासन और संवेदनशीलता का अभाव उत्पन्न होने लगेगा। जब व्यक्ति अपने भीतर झांककर अपनी कमजोरियों और कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का प्रयास करता है, तो वह समाज के लिए एक उदाहरण बनता है।

### आत्मनिरीक्षण जरूरी

परिवार में आत्मनिरीक्षण और अपने व्यवहार की समीक्षा की भावना को विकसित करने की आवश्यकता आज के समय की मांग है। जब हम अपने हृदय को एक दर्पण मानकर अपनी क्रियाओं को देखते हैं, तो हमें अपने आचरण की सच्चाई का पता चलता है। यह आत्मनिरीक्षण हमें न केवल हमारे दोषों का ज्ञान कराता है, बल्कि उन्हें दूर करने की प्रेरणा भी देता है। किसी भी व्यक्ति से किया गया व्यवहार चाहे अनजाने में हो या जानबूझकर, यदि उस व्यवहार में किसी प्रकार की ठेस पहुंचती है, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमें अपने व्यवहार में सुधार की आवश्यकता है। एक शांत और सजग मन से अपने व्यवहार पर विचार करना हमें आत्म-सुधार के मार्ग पर ले जाता है। इस तरह का आत्मनिरीक्षण हमारी मानसिकता को बदलने और हमारे व्यवहार को अधिक सकारात्मक, सहनशील, और दयालु बनाने में सहायक होता है। यदि हम सभी लोग इस दिशा में बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे और साथ ही संतुष्टि व आंतरिक शांति का अनुभव भी होगा।

## भारतवंशी राजनयिक भी यहां मनाते हैं दिवाली



विरासत
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ स्तंभकार

लघु भारत कहलाने वाले मॉरीशस, सूरीनाम, फीजी, त्रिनिडाड और टोबैगो तथा गुयाना के भारतवंशी राजनयिक राजधानी दिल्ली में अपने-अपने देशों की एंबेसियों में दीपोत्सव मनाएंगे। राजधानी में इस वक्त करीब दो सौ भारतवंशी राजनयिक काम कर रहे हैं। भारतीय संसार के कोने-कोने में जाकर बसे, पर दिवाली उनके साथ रही। अगर उन्हें प्रकाश पर्व अपने पुरखों के देश में मनाने का अवसर मिले तो उनकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। इस बीच, पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अवतार सिंह सोहल इस बार दिवाली चंडीगढ़ में मना रहे हैं। उनके पुरखे 1920 में पंजाब के जालंधर शहर से केन्या जाकर बस गए थे। पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे केन्या, युगांडा और तंजानिया में बसे सभी भारतवंशियों के लिए साझा उत्सव बन चुका है दिवाली का पर्व। इसने धार्मिक सीमाओं को लांघ लिया है। पूर्वी अफ्रीकी देशों में भारतीय 1896 से लेकर 1920 तक रेलवे का नेटवर्क स्थापित करने के लिए गए थे। त्रिनिडाड-टोबैगो के पूर्व प्रधानमंत्री वासुदेव पांडे ने एक बार अपने देश के वसंत विहार में स्थित दूतावास में आयोजित दिवाली समारोह को दिखाया था। तब यहां त्रिनिडाड के राजदूत पंडित मणिदेव प्रसाद तिवारी दूतावास की इमारत के बाहर रंगोली बनवाते थे और वैष्णव भोजन की दावत देते थे। वे कहते थे कि दिवाली का अर्थ बहुत व्यापक है- यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। अंधकार जीवन के हर कोने में फैला होता है, जबकि प्रकाश सीमित। रात दिन से पहले और बाद में आती है, जो अंधकार की प्रबलता दर्शाती है। ऐसे गहन संदेश वाले इस त्योहार को हर कोई मनाना चाहता है। यह प्रकाश पर्व हमें भारत के पवित्र मूल्यों की याद दिलाता है, जरूरतमंदों की मदद करना, अंधेरे पर रोशनी चुनना, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की खोजकरना, तथा अच्छाई और करुणा का स्रोत बने रहना। इसे केवल हिंदू धर्म तक सीमित करना उचित नहीं। नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वी.एस. नायपाल ने भी यहां एक बार दिवाली डिनर में शिरकत की है। आजकल दक्षिण अफ्रीका के भारत में राजदूत भारतवंशी हैं। नाम है अनिल सूकलाल। उनके दफ्तर में गांधी जी और नेल्सन मंडेला की फोटो लगी हैं। अनिल जी के पुरखे मूल रूप से पूर्वी उत्तरप्रदेश से थे। वे बताते हैं कि उनका भारत में दिवाली पर्व को मनाने का सपना पूरा हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के दूतावास में भी भारतवंशी हैं। इनके पुरखे अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार या आंध्र प्रदेश से हैं। माना जाता है कि भारत से बाहर सर्वाधिक भारतीय मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका में ही हैं। दोनों देशों में इनका आंकड़ा 15-20 लाख के आसपास है। दक्षिण अफ्रीका से भारत इसलिए भी अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। मॉरीशस के नई दिल्ली स्थित दूतावास में दिवाली की गहमा-गहमी कई दिन पहले शुरू हो जाती है। दिवाली से एक दिन पहले पूजन होता है। कुछ साल पहले तक तो इसमें राजधानी में रहने वाले प्रमुख भोजपुरी समाज की विशिष्ट हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाता था। जब तक अनिरुद्ध जगन्नाथ देश के राष्ट्रपति थे तब तक करोल बाग में रहने वाले एक मल्होत्रा परिवार को मिठाई के डिब्बे और लक्ष्मी पूजा की सामग्री भेजी जाती है। अनिरुद्ध जगन्नाथ की पुत्री शालिनी का विवाह 1983 में करोल बाग के डॉ.कृष्ण मल्होत्रा से हुआ था। मुंबई में रहने वाले प्रख्यात ज्योतिषि पंडित जयप्रकाश शर्मा लालधागे वाला ने कुछ विदेशी दूतावासों में दिवाली पर होने वाले आयोजनों में शिरकत की है। वे कहते हैं कि इन देशों के भारतवंशियों ने सनातन धर्म के संस्कारों से अपने को दूर नहीं किया है। ये बहुत आस्थावान हिन्दू हैं। गिरमिटिया योजना 1834 से 1920 तक चली, जिसमें करीब लाखों भारतीय यहां आए। कुछ वर्ष पहले तक युगांडा दूतावास में राजदूत जी.एस. ढिल्लो नाम के एक सिख सज्जन थे। वे दीपोत्सव से पहले एक दिवाली भोज का आयोजन करते थे। मॉरीशस के साथ-साथ, सूरीनाम, कैरेबियाई द्वीप देश त्रिनिडाड-टोबैगो,गुयाना और फीजी को 'लघु भारत' कहा जा सकता है। इन सब देशों के राजधानी में रहने वाले राजनयिक हर साल दिवाली मनाते हैं। गुयाना में बीते कुछ हफ्ते पहले भारतवंशी इरफान अली देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए हैं। सिंगापुर,मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

> *सिंगापुर, मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।*

## सैनिकों संग दीपावली



पर्व
डॉ. मोनिका शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के चौदह वर्ष के वनवास की समाप्ति और राक्षस राजा रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। परंपरागत रूप से देखा जाए तो दीपावली के त्योहार पर आज भी लोग अपने गाँव-घर जाते हैं। देश के किसी हिस्से से ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी अपनों के साथ दीपोत्सव मनाने अपने आँगन में लौटते हैं। त्योहार की इस उत्सवीय रौनक के बीच इस ओर ध्यान जाना लाजिमी है कि सीमाओं पर डटे सैनिक दिवाली का उत्सव मनाने के लिए अपने घर नहीं लौट पाते। देश के दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा की लिए सीमा पर उनकी मौजूदगी हर नागरिक के मन में सुरक्षा के प्रति विश्वास की उजास भरती आई है, भरती रहेगी। ऐसे में यह सुखद और सराहनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष दीपावली का पर्व सैन्य बलों के साथ मनाते हैं। देश के किसी ना किसी हिस्से में राष्ट्र रक्षा में डटे सैनिकों के साथ इस पावन उत्सवीय भाव को साझा करते हैं। उनके इस जुड़ाव को सैनिकों के सम्मान और देश के नागरिकों के भाव सैनिकों के साथ होने के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। ज्ञात हो कि पिछले साल पीएम मोदी ने दिवाली पर गुजरात के कच्छ में जवानों के साथ समय बिताया था। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी देश की सीमाओं, संघर्षशील मोर्चों और दूर-दराज़ के इलाकों में डटे सैनिकों के साथ दीपोत्सव मनाते रहे हैं। सेना के जवानों के बीच दिवाली मनाने की इस परंपरा को निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पहली दिवाली लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ मनाई थी। वहीं वर्ष 2015 में अमृतसर के डोगराई वॉर मेमोरियल में शहीदों का स्मरण कराते हुए तो 2016 में हिमाचल प्रदेश के सुमडो में सेना और बीएसएफ जवानों संग दीपोत्सव मनाया। गौरतलब है कि 2017 में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर और 2018 में उत्तराखंड के हर्षिल में आईटीबीपी कर्मियों के साथ दीपों की उजास के इस उत्सव में शामिल हुए। 2020 में कोरोना के संकट के समय भी दिवाली पर पीएम राजस्थान के जैसलमेर की लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों से मिले थे। वहीं 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ साल पहले आमजन से भी सैनिकों को दीपावली पर संदेश भेजने की अपील की थी। शुभकामनाओं की उजास हमारे जवानों तक पहुंचाने की इस अपील के बाद लाखों लोगों ने सैनिकों के प्रति आभार जताने और उनकी बदौलत खुद को सुरक्षित महसूस करने वाले भावों के साथ-साथ उनकी कुशलता की कामना करने वाले संदेश भेजे थे।

> *दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं।*

## खुशियों के पर्व दीपावली पर दीप जलाएं, पटाखे नहीं



अपील
डॉ. घनश्याम बादल
पर्यावरण चिंतक

आज दीपावली धूम धड़ाके, रोशनी एवं पटाखों का सबसे बड़ा उत्सव बनकर सामने है व्यापार, बाज़ार एवं सरकार तथा धार्मिक संस्थान सब दीपावली को अपने तरीके से परिभाषित करते रहे हैं लेकिन जैसा कि नाम से स्पष्ट है दीपावली दीपों का पर्व है और इसका वर्णन पुराणों में भी दीपपर्व के रूप में मिलता है न कि पटाखा पर्व के रूप में। दिवाली शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'दीवा' और 'अवली' यानि पंक्ति से मिलकर बना है जिसका एक अर्थ है कि पंक्ति में रखे हुए दीपक।

### रोशनी और दीपक

स्कन्द पुराण में दीपक को रोशनी का प्रतिनिधि माना गया है। इतिहास की मानें तो सातवीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने दिवाली के पर्व को 'दीपप्रतिपादुत्सवः' बताया है। जनश्रुतियों के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास के बाद जब श्रीराम 14 वर्ष के वनवास पश्चात रावण का वध करके लक्ष्मण व सीता सहित अयोध्यआ लौटे तो उनके स्वागत में अयोध्या नगर को दीयों से जगमगाया गया था तभी से हिंदू धर्म में यह पर्व मनाया जाने लगा । एक मिथक यह भी है कि आज के दिन धन की देवी लक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती है और धन संपदा का वितरण करती है।




दीप जलाने के अलावा दीपावली से पहले साफ-सफाई व घर तथा व्यापारिक संस्थानों की सजावट करना, नए कपड़े पहनना, पकवान व मिठाई खाना,मां लक्ष्मी की पूजा करना आदि समय के साथ परंपरा रूप में जुड़ते चले गए। दिवाली से जुड़ी ऐसी ही एक और परंपरा बन गई है, पटाखे जलाना। उच्चतम न्यायालय व कई राज्य सरकारों द्वारा वायु प्रदूषण रोकने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद पटाखे जलाना आज भी दिवाली समारोह का एक अभिन्न हिस्सा है।

### कब व कहां से आए पटाखे

इस बात का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि कब पटाखे जलाना दिवाली का हिस्सा बन गया मगर इतिहासकारों के अनुसार आतिशबाजी का उपयोग 1400 ईस्वी के बाद शुरू हुआ। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले बारूद के आविष्कार और धमाकों ने लोगों को भयभीत भी किया और मोहित भी शायद इसी से दीपावली पर भी बारूद या पोटाश के बने हुए पटाखे चलाए जाने लगे मगर दिवाली के दौरान पटाखों का उपयोग 18वीं शताब्दी से पहले शुरू नहीं हुआ था तब मराठा शासकों ने आम जनता के लिए आतिश बाजी का आयोजन किया था। आज़ादी के बाद भारतीय उद्योगों ने पटाखों का निर्माण शुरू किया और वे जल्दी ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए।

## अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि के पर्याय त्योहार का महत्व



उजाला
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

ऋतुचक्र अव्यवस्थित है। मेरे जीवनकाल में संभवतः प्रथम अवसर है, जब निज दृष्टि दशहरा से लेकर दिवाली तक के दिवसों में वर्षा, आँधी, चक्रवात, भूस्खलन, मेघ विस्फोट, अतिवृष्टि तथा तुषारापात की साक्षी बनी है। रामलीला आरंभ होने की अवधि से लेकर दिवाली तक तो ऋतु समशीतोष्ण हुआ करती थी। श्रावण, भाद्रपद व अश्विन माहों द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक संपदायें एकत्र करने की ऋतु होती थी कार्तिक। किंतु इस वर्ष ये क्या हो गया! संपूर्ण हिमालयी पर्वत श्रृंखला पुष्प की भाँति हो गई है। पर्वत-पर्वत तुषारावृत्त हैं। वहाँ से लेकर मैदानी नगरों-महानगरों तक शीत लहर परिव्याप्त है। कार्तिक माह में ही धरा अति नम होकर मनुष्य की संतुलित मनोवृत्ति को खंडित कर रही है। प्रायः समशीतोष्ण ऋतु प्रभाव से संतुलित रहने वाले संवेदनशील मनुष्यों के मन, हृदय व आत्मा, तीनों प्रस्तर अवसादग्रस्त हैं। हाँ, जो मानव मशीनी सोच-विचार व वैज्ञानिक मस्तिष्क के साथ जीवन में उपस्थित हैं, उन पर ऐसे ऋतु असंतुलन का कोई व कुछ भी अच्छा-बुरा प्रभाव नहीं है। वे अपने भ्रमित, स्वप्निल, क्षणभंगुर व समाप्त प्रायः जीवन को चिर-स्थिर समझ कर धन-संसाधन एकत्र करने की गतिविधियों में संलिप्त हैं। वे विस्मृतियों के पुतले बनते जा रहे हैं। उन्हें व्यतीत दिवस, रात्रि, सप्ताह, माह, वर्ष, पंचतत्वों, जीवन व जैविक गतिविधियों से कोई सरोकार नहीं है। वे प्रगतिवान हैं। वे आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्यहीन होकर कहाँ जा रहे हैं, ये न उन्हें ज्ञात है तथा ना ही उनके आधुनिक मार्गदर्शकों को। इन दिनों दिवाली के स्वागत-कार्यक्रम हो रहे हैं। भारतवर्ष प्राकृतिक एवं आधुनिक आपदाओं को भूलकर हर्षोल्लास में डूबा हुआ है। ऐसा होना स्वाभाविक है। कार्तिक माह का दीपोत्सव है ही ऐसा, जो बीती कितनी ही समस्याओं व दुःखों को भुलाकर आधुनिक ढंग से ही सही, किंतु एक उत्सवजन्य प्रेरणा तो प्रदान करता ही है। आज से बीस, तीस, चालीस या अधिक वर्ष पीछे लौटकर कार्तिक मास के दीपोत्सवी अनुभवों का स्मरण करें तो मन-हृदय व्याकुल हो उठते हैं। तब क्या ऋतु छवि होती थी! कार्तिक मास व्यस्त समय होता था! जन-जन अक्षत खाद्यान्न श्रृंखला के अनेक उत्पादों को एकत्र-संग्रहीत करने खेतों में कार्यव्यस्त होते थे। धान की मनहर सुगंध वायु में प्रसारित रहती



> **अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है।**

थी। जीवन प्राकृतिक व्यवस्था के अधीन एक अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि का पर्याय हुआ करता था। कार्तिक माह में जलवायु अनुकूल होती थी। न अधिक ग्रीष्म और न अधिक शीत। पूर्णतः समशीतोष्ण। अधिसंख्य मानवों के तन स्वस्थ एवं मन शांत-संतुलित होते थे। दीपावली से एक माह, एक सप्ताह पूर्व का वातावरण कितना उमंगित हुआ करता। प्रमुख खाद्यान्न के रूप में धान की कटाई, छंटाई, एकत्रीकरण एवं भंडारण की गतिविधियां लोकोत्सव में परिवर्तित रहतीं। खेत-खलिहान लोक संस्कृति के वाहक हुआ करते। गीत-संगीत में विशुद्ध मानवता से लेकर पवित्र प्रेम तक के गहन अनुभव होते। संपूर्ण ग्रामीण जीवन किसी स्वर्गिक चलचित्र की भांति प्रदर्शित होता। प्रकृति का मान-सम्मान, स्वागत-सत्कार तथा ऋतुगत अभिवादन-अभिनंदन होता। दुर्गुणों से मानव दूर होता। दीपावली में ग्रामीण हाट-मेले व्यापार व वाणिज्य के स्वदेशी संस्करण बने रहते। यह उपक्रम सदियों से एक महान परंपरा में परिवर्तित होता रहा, जो आधुनिक विसंगतियों के साथ संपन्न तो आज भी रहा है, किंतु अब इसमें महानता व गंभीरता अदृश्य है। अब यह एक व्यावसायिक औपचारिकता हो गया है। अब यह एक नीरस उत्सवी अभ्यास हो चुका है, जो लोक संस्कृतियों, प्रकृतिवत होने की जीवन-युक्तियों, मानवता-सज्जनता की संगतियों से पृथक हो चुका है। अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्त्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है। मानवों के अंदर धीरे-धीरे



समाप्त होते मानवीयता के गुणों की रक्षा के लिये अब दिवाली जैसी पारंपरिक पद्धतियों का ही सहारा है।

# एनडीए ने प्रचार अभियान किया तेज, वहीं महागठबंधन खुद का वजूद बचाने में जुटा


### शाह का कांग्रेस और आरजेडी पर बड़ा हमला

## एसआईआर पर राहुल के पेट में दर्द हो रहा? हम घुसपैठियों को निकाल रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, सियासत का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही अब प्रचार अभियान पूरे जोरों पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पटना में राहुल गांधी, कांग्रेस, आरजेडी और प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कई तीखे बयान दिए। शाह ने कहा कि चुनाव आयोग अगर एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करता है, तो राहुल को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? क्योंकि उन्होंने घुसपैठियों के जरिए ही अपना वोटबैंक बनाया है। शाह ने कहा कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भारत के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं तय कर सकते। चुनाव आयोग जब सख्ती से जांच करता है तो कांग्रेस और आरजेडी को परेशानी क्यों होती है? वजह साफ है-घुसपैठियों को हटाने से उनका वोटबैंक घट जाएगा।

### परिणाम के बाद प्रशांत पर कुछ कहूंगा



शाह से प्रशांत किशोर पर कहा कि अभी चुनाव चल रहे हैं, नतीजों का इंतजार कीजिए। मैं पीके पर तब बोलूंगा जब परिणाम सामने आएंगे।

### वे भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे

शाह ने यह दावा भी किया कि एनडीए में किसी तरह का मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सीटें तय हैं, उम्मीदवार तय हैं, और एकजुट होकर लड़ रहे हैं। लेकिन विपक्ष के पास न नेता तय है, न सीटों का बंटवारा। जनता समझ चुकी है कि कौन स्थिर सरकार दे सकता है। उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### हम ध्रुवीकरण नहीं करते, घुसपैठ खत्म कर रहे

शाह ने विपक्ष पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम तो सिर्फ घुसपैठिया कह रहे हैं, धर्म नहीं देख रहे। लेकिन कांग्रेस और आरजेडी उसे मुस्लिमों से जोड़ देती हैं। यही असली ध्रुवीकरण है। हम सिर्फ इतना कह रहे हैं कि जो भी गैरकानूनी रूप से देश में घुसा है, उसे बाहर निकाला जाए।

**गरीबी हटाना हमारा लक्ष्य, गरीबों को हटाना कांग्रेस का**

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं चलाईं। इसलिए जीविका दीदी को 10 हजार रुपए सेंड मनी के रूप में दिए जा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस का मकसद गरीबों को नहीं, बल्कि गरीबों को ही हटाना है।

### अलायंस नहीं संभाल पा रहे राज्य संभालेंगे?



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनसे गठबंधन भी नहीं संभल रहा है। तकरार की खबरें मिल रही है। जिनसे अलायंस नहीं संभल रहा, वो प्रदेश को कैसे संभालेंगे?

**मढ़ौरा से चिराग की कैंडिडेट सीमा का नॉमिनेशन रद्द**

चुनाव से पहले ही एनडीए को बड़ा झटका लगा है। मढ़ौरा विधानसभा सीट से एनडीए की प्रत्याशी और अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द हो गया है। बंटवारे में मढ़ौरा सीट चिराग पासवान की लोजपा-आरवी के खाते में गई थी।

### फिर सीएम बनेंगे नीतीश कुमार, त्यागी का दावा



जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि जेडीयू का मानना है कि पिछले 20 सालों से बिहार की प्रगति नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हुई है। वे चुनाव का चेहरा होंगे और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनेंगे।

### पश्चिमी चंपारण की सभी सीटें जीतेंगे: साहा



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बिहार विकसित होगा तो देश भी विकसित होगा। नॉर्थ ईस्ट पर पिछली किसी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पश्चिमी चंपारण जिले में विधानसभा में इस बार हम सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

### एनडीए बड़ी जीत दर्ज कर रहा: रवि किशन



भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हम बिहार को जितना जानते हैं तो एनडीए गठबंधन एक बहुत बड़ी जीत की ओर जा रहा है। हम उन क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दें, जहां भाजपा कमजोर है।

### महागठबंधन सीट शेयरिंग को लेकर उलझा

## करीब 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन ने एक दूसरे के खिलाफ ही उतार दिए प्रत्याशी



***इन सीटों पर आमने-सामने इंडिया गठबंधन*** *लालगंज ,वैशाली,राजापाकर, रोसड़ा, बिहारशरीफ, बख्खड़ा और तारापुर सीट।*

बिहार चुनाव के पहले चरण की 121 पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। 114 सीटों पर महागठबंधन एनडीए से मुकाबला करेगा। जबकि 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन आपस में ही मुकाबला करेगा। कांग्रेस ने 48 और वाम दलों ने 18 उमीदवारों के नामों का ऐलान किया है। कांग्रेस और आरजेडी ने 5 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। तीन सीटों पर वाम और कांग्रेस, एक सीट पर वीआईपी और आरजेडी में मुकाबला होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि तेजस्वी यादव महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं ले पा रहे हैं। हम उनके अंतिम फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राजेश के खिलाफ तेजस्वी उतारेंगे प्रत्याशी



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कुटुंबा की सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह सुरक्षित सीट है और प्रदेश अध्यक्ष भी दलित समुदाय से आते हैं। आरजेडी ने सुरेश पासवान को उतारने की तैयारी कर ली है।

**बाहुबली की पत्नी को तेजस्वी ने दिया टिकट** कुख्यात बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता को राजद ने वारिसलीगंज से अपना उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी का सिंबल सौंपते हुए समर्थन भी दिया।

### महागठबंधन से अलग हुई झामुमो

#### 6 सीटों पर किया ऐलान



महागठबंधन में तकरार के बीच अब झामुमो ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झामुमो ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगा और 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा।

**नबीन कुमार ने एक सीट से दो पार्टियों के सिंबल पर किया नामांकन**

चुनाव में सबसे मजेदार बात यह है कि दोनों ही पार्टियों का आपस में गठबंधन है। नेता का नाम नबीन कुमार है जो कि आलमनगर विधानसभा से आरजेडी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) दोनों के सिंबल पर नामांकन दाखिल किया है।

### माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया



कांग्रेस के रिसर्च कमेटी के चेयरमैन और प्रवक्ता आनंद माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया, साथ ही राहुल गांधी को लेटर भेजा है। उन्होंने बयान दिया कि-आलाकमान 33000 से हारे व्यक्ति को टिकट दे सकते हैं और 113 बूथ से हारे हुए व्यक्ति को टिकट नहीं दे सकते है।

### कांग्रेस विधायक अफाक ने नेतृत्व पर लगाए गंभीर आरोप



पूर्णिया के कस्बा से कांग्रेस विधायक अफाक आलम ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अलवरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पैसे लेकर विधानसभा का टिकट बेचने का आरोप लगाया है।

### भड़काऊ पोस्ट न करें, 6 पर एफआईआर, 22 को नोटिस

चुनाव आयोग के निर्देश पर फेसबुक, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ या भ्रामक सामग्री डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अब तक 22 आपत्तिजनक लिंक के आधार पर 14 सोशल मीडिया हैंडलर्स के खिलाफ छह प्राथमिकी दर्ज की हैं।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यपालों के जरिए अराजकता फैलाई जा रही



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर राज्य के साथ गहरा पक्षपात करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री हमारे बच्चों को अंधविश्वास क्यों सिखा रहे हैं? विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में राज्यपालों के जरिए अराजकता क्यों फैलाई जा रही है? कानूनों के नाम हिंदी-संस्कृत में लिख रहे।

### वाहन खाई में गिरा 8 लोगों की मौत



**नंदुरबार।** महाराष्ट्र में भीषण हादसा हुआ है, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नंदुरबार जिले में हुआ है, जब एक वाहन चंदशाली घाट पर एक खाई में गिर गया। महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को घटना की जानकारी दी। यह घटना शहादा पुलिस थानाक्षेत्र में हुई। बताया जा रहा है कि अस्तंबा देवी के मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे।

### मलाड में गोदामों में आग, 20 दुकानें जलीं



**मलाड।** मुंबई के मलाड (पूर्व) स्थित पठानवाडी के संजय नगर, पिंप्रीपाड़ा इलाके में शनिवार को आग लगने की घटना सामने आई। आग से कई गोदाम और 15 से 20 दुकानें प्रभावित हुईं। दमकलकर्मी आग बुझाने में लगातार जुटे रहे। फिलहाल, आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, जो एक राहत भरी बात है।

### सिख विरोधी दंगों के 121 परिवारों को देंगे नौकरी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार सिख विरोधी दंगों में मारे गए 121 लोगों के परिवारों को 5 नवंबर को नियुक्ति पत्र देगी। गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर 1 से 25 नवंबर तक राज्य में विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिनमें रक्तदान शिविर, निबंध प्रतियोगिता, सेमिनार और यात्रा शामिल हैं। समापन समारोह कुरुक्षेत्र में होगा।

---

### अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने का मामला

# हवाईअड्डों पर अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत बताई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर काम करने वाली क्षेत्रीय एजेंसियों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वे अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के बारे में पहले से ही संवेदनशील बनाएं, खासकर तब जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने जैसा गंभीर कदम उठाने जा रहे हों।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं।जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। उस पर आरोप था कि वह अपने सामान में हिरण की सींग लेकर जा रहे थे, जो कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत प्रतिबंधित है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बैग से सींग बरामद होने के बाद उसके खिलाफ इस अधिनियम की धारा 39, 49 और 51 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और उसे गिरफ्तार कर लिया था।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं। बताया जा रहा है कि जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था।

### शीर्ष कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने यह टिप्पणी की

शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारियों को पहले जानकारी होनी चाहिए

जनवरी 2025 के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की



**आपराधिक कार्यवाही को कर दिया रद्द**

### अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे

अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिली, जिसमें भारत छोड़ने पर प्रतिबंध भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि डीएनए जांच के अनुसार जो वस्तु उसके पास मिली, वह वास्तव में रेंडियर (हिरण परिवार का सदस्य) की सींग थी, जो भारत के वन या वन्यजीव कानूनों का उल्लंघन नहीं करती।

### सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए खारिज किया

इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया।

### अधिकारी सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट महसूस करता है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से जुड़े मामलों को देखने वाली एजेंसियों को अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों की सही जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे गिरफ्तारी जैसे सख्त कदम उठाने से पहले सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे गलत फैसलों से देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचता है और संबंधित अधिकारियों का व्यवहार मानवाधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है।

---

### सैनी ने बिहार में विपक्ष पर साधा निशाना

## एनडीए सरकार ने विकास सुरक्षा का वातावरण बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। सैनी ने शनिवार को बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सैनी ने आरजेडी–कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को 'जंगलराज' से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है। सैनी ने कहा कि भाजपा–जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब नए युग में प्रवेश कर रहा है और जनता का उत्साह इस बात का प्रमाण है। अपने बिहार प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकजुट होकर भाजपा–जदयू गठबंधन का समर्थन करें। बिहार पहुंचने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

### सैनी ने शाह से शिष्टाचार भेंट की



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को पटना में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की है। उन्होंने बिहार चुनाव सहित अहम विषयों पर सार्थक संवाद किया और उन्हें धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की। सैनी ने शाह के समक्ष हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी बीजेपी सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का ब्योरा भी दिया।

---

### शिवराज ने यूपी के देवरिया में किया किसान मेले का उद्घाटन

## किसानों को सशक्त बनाने और कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। देवरिया जनपद के आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला, स्वास्थ्य शिविर और प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने ये बातें कही।

सिंह ने कहा कि किसानों के हितों के विरुद्ध काम करने वाले, गड़बड़ियां करने वाले और खराब बीज बेचने वाले सावधान हो जाएं, इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम कड़ा कानून और बड़ा कानून लाएंगे। यदि कोई कंपनी किसानों को ठगने की कोशिश करेगी

### गड़बड़ियां की और खराब बीज बेचे तो होगी कार्रवाई



तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिले, इसके लिए हमने नई एमएसपी घोषित की है। उन्होंने सभी से अपील की कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी धरती और माटी की सुरक्षा करें। इसके लिए अधिक उर्वरक और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से बचना होगा।इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे, सदर विधायक शलभ मणि, भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, किसान भाई-बहन, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज ने गोरखपुर के ग्राम डुमरीखुर्द में लगाई 'ग्राम चौपाल'

### केंद्रीय मंत्री ने किसानों से खेती के अलावा पशुपालन, मत्स्यपालन और मधुमक्खी पालन को अपनाने का आह्वान किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के ग्राम डुमरीखुर्द में आयोजित 'ग्राम चौपाल' में ग्रामीण भाई-बहनों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण निवासी, किसान भाई-बहन, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भागादारी की।

■ स्थानीय ग्रामीणों से बात की

चौहान ने किसानों के हित में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन बढ़ाने, बेहतर बीज उपलब्ध कराने और लागत घटाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल के नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए प्रमुख फसलों, उत्पादन लागत और स्थानीय खाद्य की दुकानों की आवश्यकता जैसे मुद्दे की भी जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र सरकार के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत मसूर और चना के उत्पादन बढ़ाने की पहल से अवगत कराया और किसानों के सुझाव भी मांगे। शिवराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी दरों में सुधार के बाद कृषि यंत्रों पर जीएसटी 12 फीसद और 18 फीसद से घटाकर 5 फीसद कर दी गई है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों को खेती के अलावा पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन और बागवानी के लिए भी प्रेरित किया। पशुओं के टीकाकरण के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

# चांदी की चाल देख सोना भी 'शरमाया', इस साल 73% से अधिक रिटर्न

सोने की कीमतें 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी की कीमतें 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम, 2025 में अब तक चांदी ने 73% से अधिक और सोने ने 64% से अधिक का रिटर्न दिया, एक साल में सोने ने 33% से 35% और चांदी ने 40 से 45% का रिटर्न दिया, विश्लेषक बोले, चांदी में चमक बरकरार रहेगी, आने वाले समय में अच्छा रिटर्न देगी, धनतेरस पर चांदी में निवेश कर मुनाफा कमा सकते हैं

*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा

विनोद कौशिक

इस साल सोना और चांदी लगातार अपनी चमक बिखेर रहे हैं। वहींए चांदी तो सोने से भी तेज रफ्तार भर रही है। चांदी ऐसी चाल चल रही है कि उसके सामने सोना भी शरमाने लगा है। कारोबारियों की लगातार मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। दो दिन पहले इसने 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड छुआ था। देखा जाए जो 2025 में अब तक सोने चांदी ने 73% से अधिक और सोने ने 64 % से अधिक का रिटर्न दिया है। चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रहा है, जिसका मुख्य कारण औद्योगिक मांग और आपूर्ति में कमी है। चांदी गोल्ड से सस्ती और इंडस्ट्रियल डिमांड वाली मानी जाती है, इसलिए चांदी निवेश के लिए अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह निवेशकों के बीच लोकप्रिय बनकर उभर रही है। पिछले धनतेरस (2024) से इस धनतेरस (2025) तक, सोने ने करीब 33% से 35% का रिटर्न दिया है, जबकि चांदी ने करीब 40 से 45% का रिटर्न दिया है, जो इसे एक अच्छा निवेश विकल्प बनाता है। चांदी ने सोने और शेयर बाजार दोनों को पीछे छोड़ दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि चांदी का यह प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। आने वाले समय में चांदी और अच्छा रिटर्न देगी। इसलिए इस धनतेरस पर चांदी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### चांदी को न करें अनदेखा

अगर आप भी ऐसे इन्वेस्टमेंट की तलाश में हैं जो आपको आने वाले समय में शानदार रिटर्न दे सके? तो सोने की चमक के बीच चांदी को अनदेखा न करें। यह सफेद धातु आपको अमीर बनाने का एक बेहतरीन मौका दे सकती है। इस रिपोर्ट में हम चांदी में निवेश के उन बड़े फायदों को जानेंगे जो ज़्यादातर लोग नहीं जानते और समझते हैं। यह जानकारी आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी और आपके पोर्टफोलियो को मज़बूत बनाएगी!



### चांदी कहानी अलग

सोने का प्रयोग ज़्यादातर गहनों और इन्वेस्टमेंट के लिए होता है, लेकिन चांदी की कहानी थोड़ी अलग है। चांदी की करीब आधी मांग इंडस्ट्रीज से आती है। तो सोचिए, आपके स्मार्टफोन, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, मेडिकल उपकरण और भी बहुत कुछ बनाने में चांदी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जैसे-जैसे दुनिया टेक्नोलॉजी की तरफ बढ़ रही है और ग्रीन एनर्जी पर ज़ोर दे रही है, चांदी की इंडस्ट्रीज मांग भी बढ़ती जा रही है।

### ऐसे कर सकते हैं निवेश

- **फिजिकल सिल्वर** : आप चांदी के सिक्के या बार (ईंटें) खरीद सकते हैं। इसे घर पर या लॉकर में सुरक्षित रखें।
- **चांदी ईटीएफ** : अगर आप फिजिकल सिल्वर रखने के झंझट से बचना चाहते हैं, तो आप चांदी ईटीएफ में निवेश कर सकते हैं, ये इलेक्ट्रॉनिक रूप में होते हैं और इन्हें खरीदना-बेचना आसान होता है।
- **चांदी फ्यूचर्स** : यह उन निवेशकों के लिए है जो ज़्यादा रिस्क लेकर ज़्यादा मुनाफा कमाना चाहते हैं। इसमें फ्यूचर की तारीख पर चांदी खरीदने या बेचने का समझौता होता है।
- **चांदी खनन कंपनियों के शेयर** : आप उन कंपनियों के शेयर खरीद सकते हैं जो चांदी का खनन करती हैं। जब चांदी की कीमतें बढ़ती हैं, तो इन कंपनियों को भी फायदा होता है।

### दिखता है उतार चढ़ाव भी

अक्सर जब सोने की कीमतें बढ़ती हैं, तो सिल्वर की कीमतें भी उसके पीछे-पीछे बढ़ती हैं। वैसे हालांकि, चांदी में सोने के मुकाबले ज़्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, जिसका मतलब है कि इसमें तेज़ी से ज़्यादा मुनाफा कमाने की संभावना भी होती है। अपने निवेश पोर्टफोलियो में सोने के साथ चांदी को शामिल करने से आपका पोर्टफोलियो मज़बूत बनता है और जोखिम भी संतुलित रहता है।

### जोखिम भी रहता है

- चांदी की कीमतें सोने से 2-3 गुना उतार-चढ़ाव वाली।
- इंडस्ट्रियल डिमांड कम हो तो गिरावट।
- चांदी का वजन ज्यादा, स्टोरेज महंगा।
- 1 किलो चांदी सोने के 1/10 कीमत, लेकिन 10 गुना जगह।
- सोने जितनी आसानी से नहीं बिकती। मार्केट छोटा।
- शॉर्ट टर्म में नुकसान संभव। लॉन्ग टर्म (5-10 साल) के लिए बेस्ट।
- फिजिकल सिल्वर पर जीएसटी 3%, मेकिंग चार्ज। ईटीएफ में कम।
- फिजिकल: कॉइन्स/बार्स खरीदें
- ईटीएफ : सिल्वर ईटीएफ (निप्पोन इंडिया) में निवेश, 0.5% एक्सपेंस रेशियो।
- एमसीएक्स : फ्यूचर्स ट्रेडिंग, लेकिन रिस्की।

# मिड कैप फंड कैटेगरी ने 5 साल में दिया 25.28% सालाना रिटर्न

फंड्स

बिजनेस डेस्क

- कुछ खास स्कीमों का आगे भी रह सकता है ऐसा ही प्रदर्शन
- मिड कैप फंड्स लार्ज कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा रिस्की
- स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम जोखिम भरा माने जाते हैं
- रिटर्न भले ही आकर्षक हों, लेकिन मार्केट की उथल-पुथल का असर भी ज्यादा
- इन्हें हाई रिटर्न के साथ ही हाई रिस्क निवेश भी कहा जा सकता है
- इक्विटी में निवेश की वजह से इनके साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है

मिड कैप म्यूचुअल फंड्स को आमतौर पर लंबी अवधि में ऊंचा रिटर्न देने की संभावना के लिए जाना जाता है। 6 अक्टूबर तक अपडेटेड ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस कैटेगरी का पिछले 5 साल का औसत सालाना रिटर्न 25.28% रहा है, जो इस धारणा को सही साबित करता है। इतना ही नहीं, इस कैटेगरी की टॉप 5 स्कीम्स ने तो पिछले 5 साल में करीब 29% से 34 % तक सालाना रिटर्न दिया है। मिड कैप फंड्स को लार्ज कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा रिस्की और स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम जोखिम भरा माना जाता है।

### टॉप 5 मिड कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

5 साल में बेस्ट रिटर्न देने वाले टॉप 5 मिड कैप फंड्स में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड और निप्पॉन इंडिया म्यूचुल फंड जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं। इस रिपोर्ट में हमने इन टॉप 5 फंड्स के लंपसम और एसआईपी रिटर्न के साथ ही उनके एक्सपेंस रेशियो की जानकारी दी है।

**1. मोतीलाल ओसवाल मिड कैप फंड-डायरेक्ट प्लान**
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 33.92 %
- एक्सपेंस रेशियो : 0.70 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 12,08,224
- एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.44 %

**2. एडेलवाइज मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 30.57 %
- एक्सपेंस रेशियो : 0.38 %



- 10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 11,11,550
- एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.94 %

**3. निप्पॉन इंडिया ग्रोथ मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.87 %
- एक्सपेंस रेशियो : 0.75 %
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 10,95,180 रुपये
- एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.33 %

**4. एचडीएफसी मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.68 %
- एक्सपेंस रेशियो : 0.72%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 10,98,796 रुपये
- एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.46 %

**5. इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
- 5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.15 %
- एक्सपेंस रेशियो : 0.54%
- 10000 मंथली एसआईपी की 5 साल में वैल्यू : 11,49,632 रुपये
- एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 26.35%

### हाई रिटर्न के साथ हाई रिस्क

मिड कैप फंड्स के ऊपर दिए गए रिटर्न भले ही बेहद आकर्षक दिख रहे हों, लेकिन इन पर मार्केट की उथल-पुथल का असर भी ज्यादा पड़ता है। इसीलिए इन्हें हाई रिटर्न के साथ ही हाई रिस्क निवेश भी कहा जा सकता है। इक्विटी में निवेश की वजह से इनके साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है। यही वजह है कि रिस्कोमीटर पर इन्हें वेरी हाई रिस्क कैटेगरी में रखा जाता है।

### मिड कैप फंड्स की निवेश रणनीति

सेबी के नियमों के मुताबिक मिड कैप फंड्स के लिए अपने पोर्टफोलियो का कम से कम 65 फीसदी हिस्सा मिड कैप स्टॉक्स में निवेश करना जरूरी है। मिड कैप स्टॉक्स का मतलब है उन कंपनियों के शेयर जो मार्केट कैप के लिहाज से बाजार में 101वें से 250वें पायदान पर मौजूद हैं। मिड कैप में देश की कई तेजी से बढ़ रही कंपनियां शामिल होती हैं, जो आगे चलकर टॉप 100 कंपनियों में शामिल होने की क्षमता रखती हैं। यही वजह है कि मिड कैप फंड्स में लंबी अवधि के दौरान हाई रिटर्न मिलने की संभावना रहती है।

### मिड कैप फंड्स में निवेश किनके लिए सही

मिड कैप फंड्स उन निवेशकों के लिए सही ऑप्शन हो सकते हैं, जो इक्विटी में निवेश करके हाई रिटर्न हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए ज्यादा रिस्क लेने को तैयार हैं। हालांकि इन्हें स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम रिस्की माना जाता है, फिर भी बाजार के उतार-चढ़ाव का इन पर काफी असर हो सकता है। मिड कैप फंड्स में उन्हीं निवेशकों को पैसे लगाने चाहिए।

# धनतेरस पर सोने में निवेश के स्मार्ट तरीके, जो आपको बना सकते हैं धनवान

- जटिल वित्तीय दुनिया में, सोने को केवल ज्वेलरी या सिक्कों तक सीमित न रखें
- इसे बेहतर प्लानिंग के साथ अपने निवेश के सफर में शामिल करने पर विचार करें
- गोल्ड फंड ऑफ फंड्स कामकाजी झंझटों को खत्म कर निवेश का आसान रास्ता दे रहे

धनतेरस और दिवाली के मौके पर सोना या चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। बहुत से लोग इसमें ट्रेडिशन के तौर पैसे लगाते हैं, लेकिन बहुत से लोग इन्वेस्टमेंट के लिहाज से भी सोना खरीदते हैं। दशकों से, ज्वेलरी के रूप में सोना भारतीय परिवारों का एक अटूट हिस्सा रहा है। यह सांस्कृतिक प्रतीक होने के साथ-साथ अनिश्चितता से सुरक्षा का जरिया भी है, लेकिन अब सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं और यह 1.28 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हैं। इस वजह से थोक प्रीमियम, मेकिंग चार्ज और मूल्यों में अस्थिरता अब सामान्य समय की तुलना में ज्यादा जोखिम बन गए हैं। इसके अलावा फिजिकल गोल्ड के साथ एक व्यावहारिक चुनौती भी जुड़ी हुई है, क्योंकि इसे (गहने, बिस्किट आदि) रखने के लिए सुरक्षित स्टोरेज की जरूरत होती है। इसे अक्सर लॉकरों में या घरों में रखना पड़ता है, जिससे यह चोरी के जोखिम और इंश्योरेंस जैसे अतिरिक्त खर्चों के दायरे में आ जाता है। इसलिए आज की जटिल वित्तीय दुनिया में, हमें सोने को केवल ज्वेलरी या सिक्कों तक सीमित न रखकर, अपने निवेश सफर में कैसे शामिल करें, इस पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

सुझाव

बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड ईटीएफ एफओएफ

बाजार के जानकारों और विश्लेषकों का कहना है कि कि जो निवेशक कम लागत, सुविधापूर्ण और आसानी से खरीदा-बेचा जा सकने वाला (लिक्विड) गोल्ड खरीदना चाहते हैं, उनके लिए गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) और गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स जैसे आधुनिक विकल्प, बेहतर तरीके पेश करते हैं।

1. **गोल्ड ईटीएफ** : ये शेयर बाजार में ट्रेड होते हैं और सोने की कीमतों को बारीकी से ट्रैक करते हैं। इनमें निवेश के लिए आपको केवल डिमैट अकाउंट की जरूरत होती है (यूनिट्स रखने के लिए) और ट्रेडिंग अकाउंट की रूरत होती है (खरीदने-बेचने के लिए)।
2. **गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स** : जिन रिटेल निवेशकों के पास डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट नहीं है, उनके लिए यह विकल्प बहुत अच्छा है। आप इनमें एसआईपी, एसटीपी या एकमुश्त (लम्प सम) तरीके से भी निवेश कर सकते हैं।

इन डिजिटल तरीकों के फायदे

**परिचालन में आसानी** : गोल्ड फंड ऑफ फंड्स कामकाजी झंझटों को खत्म करते हैं और सोने में निवेश का एक आसान रास्ता देते हैं।

**झंझट खत्म** : आपको प्योरिटी, मेकिंग चार्ज या सुरक्षित स्टोरेज की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**आसान और पारदर्शी** : इन डिजिटल माध्यम से, आप आसान, पारदर्शी और कम लागत वाले तरीके से सोना खरीद सकते हैं, जिसमें आपको सोने को फिजिकल रूप से रखने और उसकी सुरक्षा करने की कोई जरूरत नहीं होती है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स (एसजीबी) भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं और ये सोने के ग्राम में मान्य होते हैं। इनसे मिलने वाला रिटर्न सोने की कीमत से जुड़ा होता है, साथ ही बॉन्ड की अवधि में लगभग 2.5% सालाना स्थिर ब्याज भी मिलता है।

एसजीबी के फायदे : यह डिजिटल फार्म में होता है तो रख रखाव का झंझट नहीं होता। साथ ही मेकिंग चार्ज की दिक्कत भी नहीं होती, स्टोरेज कास्ट भी नहीं। प्राइस अप्रेसिएशन के साथ सालाना 2.5 फीसदी ब्याज भी मिलता है। मैच्योरिटी पर सोने की मौजूदा कीमत के हिसाब से कैश मिलता है। सेकेंडरी मार्केट में लिक्विडिटी अच्छी है। सोने के मूल्य पर कैपिटल गेंस टैक्स नहीं लगता, केवल ब्याज पर टैक्स लगता है।

### डिजिटल गोल्ड

आजकल कई फिनटेक ऐप्स और ज्वैलर-बैक्ड स्कीम्स आपको छोटे-मोटे निवेश में भी सोना खरीदने की सुविधा देती हैं। यह डिजिट वॉलेट में रखा जाता है। आपके पास डिजिटल रूप में सोना होता है, जो वॉल्ट में रखे गए भौतिक सोने से समर्थित होता है। इसमें निवेश की शुरुआत आसान है, आप 1 ग्राम भी सोना तुरंत खरीद सकते हैं। कुछ प्लेटफॉर्म पर इसे फिजिकल गोल्ड में बदला जा सकता है या गोल्ड ईटीएफ में परिवर्तित किया जा सकता है. इसमें कोई हैंडलिंग या स्टोरेज शुल्क नहीं लगता। हालांकि डिजिटल गोल्ड पर रेगुलेटर यानी आरबीआई या सेबी का कंट्रोल नहीं होता, यह निवेश का एक अनरेगुलेटेड तरीका है।

### सिक्के और ज्वेलरी

इसे फिजिकल फॉर्म में खरीदा जाता है। यह आपके सामने होता है, जिसे देख और टच कर सकते हैं. इसमें लिक्विडिटी हाई है, इसे ज्वैलर्स या बुलियन डीलर्स को बेच सकते हैं। हालांकि इस पर मेकिंग चार्ज के रूप में ज्वेलर 5% से 20% तक चार्ज कर सकते हैं, जो बेचते समय आपको नुकसान पहुंचाता है। इसे सुरक्षित रखने का टेंशन होता है, क्योंकि चोरी का डर रहता है. प्योरिटी का रिस्क है, इसलिए हमेशा विश्वसनीय ज्वेलर से हॉलमार्क सोना ही खरीदें।



**चमक** गोल्ड ईटीएफ में 3 साल और 5 साल का रिटर्न भी बेहद मजबूत रहा, अब लोग मुनाफे के लिए गोल्ड में लगा रहे पैसा और हो रहे मालामाल

# गोल्ड ईटीएफ में कमाया मुनाफा, जान लें टैक्स का गणित, 1 साल में 50% व 5 साल में 215% से ज्यादा रिटर्न दिया

**सोना इस समय 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार ट्रेड कर रहा**

समझदारी

बिजनेस डेस्क

सोना निवेशकों के लिए लगातार गोल्डन डील साबित हुआ है। इस साल सोने में 45 फीसदी और 1 साल में 56 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिला है। सोने में 5 साल का रिटर्न 215 फीसदी से ज्यादा रहा है। सोना 1,34,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार ट्रेड कर रहा है, जबकि पिछली दिवाली पर इसकी कीमतें 79,000 रुपये से नीचे थीं। सोने में तेजी का एक और असर यह है कि हर गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड फंड ने 1 साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। गोल्ड ईटीएफ में 3 साल और 5 साल का रिटर्न भी बेहद मजबूत है। सोना खरीदकार आपने मुनाफा तो जमकर कमा लिया, लेकिन क्या इस पर लगने वाले टैक्स के बारे में जानकारी है। क्या आप जानते हैं कि आपको गोल्ड में कमाए हुए रिटर्न पर कितना टैक्स देना है।

### ईटीएफ में टैक्स के ये नियम

गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ को अब नॉन-इक्विटी कैपिटल एसेट माना जाता है। अगर आप गोल्ड ईटीएफ को 12 महीने से ज्यादा रखते हैं, तो मुनाफा लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) माना जाएगा और इस पर 12.5% की एकसमान टैक्स दर लगेगा, बिना इंडेक्सेशन अगर इसे 12 महीने या उससे कम समय तक रखते हैं, तो मुनाफा शॉर्ट-टर्म गेन (एसटीसीजी) माना जाएगा और आपकी इनकम के हिसाब से स्लैब रेट पर टैक्स देना होगा, जो हाई इनकम वालों के लिए 30% तक हो सकता है। पहले लॉन्ग-टर्म गेन के लिए 36 महीने तक होल्ड करना पड़ता था और इंडेक्सेशन का फायदा मिलता था, जिससे महंगाई के हिसाब से मुनाफे को एडजस्ट कर टैक्स कम करना संभव था। अब ये फायदा खत्म हो गया है, यानी अब निवेशकों को महंगाई से बढ़े मुनाफे पर भी टैक्स देना होगा। लॉन्ग-टर्म होल्डिंग पर 12.5% की एकसमान टैक्स दर है। मान लिया कि आपको 20,000 रुपये का मुनाफा पर 2,500 रुपये टैक्स बनेगा, यानी आपको 17,500 रुपये मिलेंगे। शॉर्ट-टर्म होल्डिंग की बात करें तो मुनाफे पर स्लैब रेट से टैक्स लगता है। अगर आपको 20,000 रुपये का मुनाफा हुआ और टैक्स रेट 30% है, तो 6,000 रुपये टैक्स देना होगा। यानी आपको 14,000 रुपये ही मिलेंगे।



### फिजिकल गोल्ड पर टैक्स

भारत में फिजिकल गोल्ड (ज्वेलरी, सोने का सिक्का, सोने का बिस्कुट) सोने में निवेश का सबसे पॉपुलर विकल्प हैं। 36 महीने या उससे अधिक समय तक रखे गए सोने से मिलने वाले रिटर्न को लांग टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। भारत के इनकम टैक्स एक्ट के अनुसार, आपको सोना बेचते समय लांग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) पर 20 फीसदी टैक्स और 4 फीसदी सेस देना होगा। इस तरह से फिजिकल गोल्ड पर लगने वाला टैक्स 20.8 फीसदी है। इस अवधि से कम समय के लिए रखे गए सोने से मिलने वाले रिटर्न को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। एसटीसीजी के मामले में, टैक्स आपकी इनकम टैक्स स्लैब के आधार पर लगाया जाता है।

### डिजिटल गोल्ड पर टैक्स

इसे आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं, यह डिजिट वॉलेट में रखा जाता है। डिजिटल गोल्ड पर रेगुलेटर यानी आरबीआई या सेबी का कंट्रोल नहीं होता, यह निवेश का एक अनरेगुलेटेड तरीका है। अगर आप डिजिटल गोल्ड 36 महीने या उससे अधिक समय तक रखते हैं, तो उस पर होने वाले मुनाफे को लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) माना जाता है। अगर गोल्ड 36 महीने से कम समय तक रखा जाता है, तो मुनाफे को शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी ) कहा जाता है। डिजिटल गोल्ड की बिक्री पर 20.8% टैक्स (एलटीसीजी) लगता है, जो फिजिकल गोल्ड और पेपर गोल्ड की तरह ही है। अगर यह शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) है, तो टैक्स आपकी आयकर स्लैब के अनुसार लगता है।

### गोल्ड गिफ्ट पर टैक्स

इनकम टैक्स एक्ट की धारा 56(2) के अनुसार, माता-पिता, पति-पत्नी या बच्चों को सोने की ज्वेलरी गिफ्ट में देने पर इनकम टैक्स नहीं लगता है। दूसरी ओर, अगर आप रिश्तेदारों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से 50,000 रुपये से अधिक वैल्यू का सोना गिफ्ट पाते हैं तो टैक्स देना होता है। ऐसी इनकम टैक्सेबल है क्योंकि इसे अन्य सोर्स से होने वाली इनकम माना जाता है। आप अपनी शादी में मिले सोने के गहनों पर भी टैक्स छूट पा सकते हैं, लेकिन अगर आप इन गिफ्ट को बेचना चाहते हैं तो सरकार कैपिटल गेंस की दर के अनुसार टैक्स लगाएगी।

### एनआरआई के लिए टैक्स

इनकम टैक्स एक्ट के अनुसार, एनआरआई फिजिकल गोल्ड, डिजिटल गोल्ड, पेपर गोल्ड आदि में निवेश कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई और फेमा नियमों के अनुसार, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश नहीं कर सकते हैं। हालांकि सोने की बिक्री पर एनआरआई के लिए लागू टैक्स दर भारतीय निवासियों के समान है, लेकिन उन्हें गोल्ड ईटीएफ या म्यूचुअल फंड के रिडेम्पशन पर टीडीएस का भुगतान करना होगा।

### पेपर गोल्ड पर इनकम टैक्स

पेपर गोल्ड में गोल्ड म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, सॉवरेन बॉन्ड आदि शामिल हैं। अगर आप 12 महीने बाद यूनिट बेचकर इनकम हासिल करते हैं तो यह लांग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) होता है और इस पर 12.5 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। वहीं, 3 साल से कम समय तक रखे गए पेपर गोल्ड से मिलने वाले रिटर्न को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। एसटीसीजी के मामले में, टैक्स आपकी इनकम टैक्स स्लैब के आधार पर लगाया जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट-रोहित के फॉर्म पर सबकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर रविवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारुप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी20 और टेस्ट प्रारुप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढना सीख गया है।

अब सवाल यह है कि वनडे प्रारुप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिए क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाएंगे। इस श्रृंखला के लिए दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया में आज से वनडे सीरीज का आगाज, सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों का रिकॉर्ड अच्छा

आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिए अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है, जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस श्रृंखला के जरिए दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है। रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा। पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाए हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे। कोहली अगर चिर परिचित अंदाज में लंबी पारियां खेलते हैं और रोहित अच्छी शुरुआत देते हैं, जो दोनों धुरंधरों का कैरियर कुछ साल और खिंच सकता है।



### रोहित-कोहली ट्रायल पर नहीं

मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने में फिर मजा आएगा। दोनों को बखूबी पता है कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है और मौजूदा चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखकर कड़े फैसले लेने से भी गुरेज नहीं करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा, रोहित और कोहली आस्ट्रेलिया में टीम का हिस्सा हैं। वे ट्रायल पर नहीं हैं। एक बार खेलना शुरू करेंगे, तब आप आकलन कर सकते हैं।'

### वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं रेड्डी

टीम प्रबंधन रोहित और गिल की सफल जोड़ी में बदलाव नहीं करेगा जबकि यशस्वी जायसवाल का विकल्प भी है । कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे और श्रेयस अय्यर तथा केएल राहुल उनके बाद, जिसके मायने हैं कि राहुल को विकेटकीपिंग भी करनी होगी। नीतिश कुमार रेड्डी वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं चूंकि हार्दिक पंड्या चोट के कारण बाहर हैं। मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह का साथ देने के लिये तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को चुना जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**आस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान) , जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

## खबर संक्षेप



### बोस्टन ओपनः क्वार्टर फाइनल में हारी अनाहत

**नई दिल्ली।** महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गई। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4 11-9 6-11 3-11 11-5 से हराया। अनाहत ने अमेरिका की चार्लोट जे को 11-4 11-6 9-11 11-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### एशेज में आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने पुष्टि की कि नियमित कप्तान पैट कमिंस अगर एशेज श्रृंखला से पहले कमर की चोट से उबर नहीं पाते हैं तो स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। कमिंस चोट के कारण भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से भी बाहर हैं। उनका 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में खेलना भी तय नहीं है। बेली ने कहा,' पैट नहीं खेल पाते हैं तो स्मिथ कप्तान होंगे। यह रणनीति हमारे लिए पहले भी कारगर रही है।' स्मिथ इस सप्ताह न्यूयॉर्क से आस्ट्रेलिया लौट आए हैं और क्रिकेट न्यू साउथवेल्स के मुख्यालय पर अभ्यास शुरू कर दिया है।

### न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 रद्द

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया जब इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 153 रन बना लिए थे। सैम कुरेन ने 35 गेंद में नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल है। जोस बटलर ने 25 गेंद में 29 रन बनाए जबकि हैरी ब्रूक ने 14 गेंद में 20 रन बनाए। इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान बारिश के कारण 15 मिनट खेल रोकना पड़ा जबकि पारी के ब्रेक के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई और मैच रद्द करना पड़ा। बाकी दो मैच सोमवार और बृहस्पतिवार को खेले जाएंगे।

### पुखराज मडप्पा, चौरसिया ने किया कट में प्रवेश

**मकाऊ।** भारत के पुखराज सिंह गिल, विराज मडप्पा और एसएसपी चौरसिया ने एसजेएम मकाऊ ओपन गोल्फ में कट में प्रवेश कर लिया। गिल ने पहले दिन पांच अंडर 65 स्कोर के बाद दूसरे दिन तीन ओवर 73 स्कोर किया। वह संयुक्त 43वें स्थान पर है। मडप्पा भी दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। वहीं चौरसिया संयुक्त 59वें स्थान पर हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रणजी ट्राफी : शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने खोई अपनी पकड़

# शमी ने बरपाया कहर, चटकाए 4 विकेट बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार विकेट चटकाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को उत्तराखंड पर 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उत्तराखंड ने खेल के अंतिम दिन दो विकेट पर 165 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब कप्तान कुणाल चंदेला 68 और भूपेन लालवानी 12 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने अपनी लय खो दी।

भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी ने सुबह की परिस्थितियों का बेहतरीन फायदा उठाते हुए 24.4 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप और इशान पोरेल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। शमी ने पहले चंदेला को 72 रन पर पगबाधा आउट कर जीत की राह खोली, फिर लंच के बाद अभय नेगी, जन्मेजय जोशी और राजन कुमार को आउट किया। उत्तराखंड ने अपने अंतिम आठ विकेट मात्र 92 रन पर गंवा दिए और टीम 265 रन पर आउट हो गई।



### सेना ने त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से दर्ज की जीत

इस बीच सेना ने दिल्ली में त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से जीत दर्ज की। त्रिपुरा की टीम फॉलो ऑन करते हुए दूसरी पारी में केवल 163 रन पर आउट हो गई। सेना की तरफ से अर्जुन शर्मा ने पांच विकेट लिए। अहमदाबाद में मेजबान गुजरात ने असम के साथ ड्रॉ खेला, जिसने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 28 रन से की थी और अंत छह विकेट पर 192 रन पर किया। मुख्तार हुसैन (44), सुमित घडीगांवकर (37), नौवें नंबर के सिबाशंकर रॉय (नाबाद 39) और दसवें नंबर के स्वरूपम पुरकायस्थ (नाबाद 44) ने मैच ड्रॉ करने में अहम भूमिका निभाई।

### झारखंड ने तमिलनाडु को एक पारी और 114 रन से हराया

**कोयंबटूर।** झारखंड ने पूर्व चैंपियन तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में शनिवार को एक पारी और 114 रन से हराया जबकि अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे युवा आफ स्पिनर रिषव राज ने चौथे और आखिरी दिन चार विकेट चटकाए। झारखंड की जीत कल ही तय हो गई थी जब उसने तमिलनाडु को फॉलोआन खेलने के लिए कहा। चौबीस वर्ष के रिषव ने आखिरी दिन दो और विकेट लेकर पदार्पण के साथ 49 रन देकर चार विकेट चटकाए। झारखंड के पहली पारी के 419 रन के जवाब में तमिलनाडु की टीम 93 रन पर आउट हो गई थी। दूसरी पारी में तमिलनाडु ने 212 रन बनाए। झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 173 रन की पारी के दम पर 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

### आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ

वहीं कानपुर में आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ हो गया । आंध्र के पहली पारी के 470 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने आठ विकेट पर 471 रन बनाए। रिंकू सिंह 165 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि माधव कौशिक ने 54 और आर्यन जुआल ने 66 रन का योगदान दिया।

### बड़ौदा ने ओडिशा को 7 विकेट से हराया

कटक में बड़ौदा ने ओडिशा को सात विकेट से हराया। ओडिशा ने पहली पारी में 271 रन बनाये थे जबकि बड़ौदा ने पहली पारी सात विकेट पर 413 रन पर घोषित की। ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 174 रन पर आउट हो गई। बड़ौदा के महेश पिठिया ने 63 रन देकर छह और भार्गव भट्ट ने तीन विकेट लिए। जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## जापान ओपन के फाइनल में लैला...



**ओसाका।** कनाडा की लैला फर्नांडीज ने कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद 35 वर्षीय सोराना सिर्सिया को 6-1 2-6 6-4 से हरा कर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फर्नांडीज ने निर्णायक सेट में 4-4 के स्कोर पर सोराना की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। चौथी वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी का फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा से होगा। वैलेंटोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में जैकलीन क्रिस्टियन को 6-7(3), 6-4, 6-3 से हराया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

## जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# 16 साल की तन्वी का जलवा फाइनल में की जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सोलह साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालीफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा।

### तन्वी ने पदक किया पक्का

तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। तन्वी ने पहला गेम केवल 13 मिनट में समाप्त कर दिया। तन्वी ने दूसरे सेट में तेजी से 12-4 की बढ़त ली लेकिन चीन की खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाते हुए वापसी की कोशिश की। तन्वी ने हालांकि उनकी कोशिश को नाकाम करते हुए प्रभावशाली जीत दर्ज की।

### न्यूजीलैंड-पाक महिला विश्व कप मैच बारिश के कारण रद्द, दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच महिला विश्व कप मैच शनिवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे दक्षिण अफ्रीका का सेमीफाइनल में पहुंचना तय हो गया। भारी बारिश के कारण मैच दो बार बाधित हुआ और पहली पारी में सिर्फ 25 ओवर का ही खेल हो सका। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पाकिस्तान ने 25 ओवर में पांच विकेट पर 92 रन बनाए। यह श्रीलंका के इस मैदान पर बिना किसी नतीजे के समाप्त होने वाला चौथा मैच था।

### रोहित और विराट से मेरे रिश्ते मजबूत : गिल

**पर्थ।** पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं और मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचाएंगे नहीं। रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल ने कहा,'बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हो लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी।' उन्होंने कहा,' मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते।



# टीम इंडिया की चुनौती, अहम मुकाबले से पहले गेंदबाजी संयोजन पर मंथन जरूरी

एजेंसी ▶▶| इंदौर

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार 19 अक्टूबर को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं।



लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे।

### अमनजोत को दी गई तरजीह

हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिए उन्हें उतारना ही होगा। इससे अनुभवहीन और युवा क्रांति गौड़ पर दबाव बन रहा है, जिसने अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव या तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी के भी विकल्प हैं।

## दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज को हराकर पहली बार बनाई पोडियम पर जगह

# विश्व कप फाइनल में चमकी ज्योति, कांस्य जीत कर रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नानजिंग

अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई, जिन्होंने यहां कांस्य पदक हासिल किया। एशियाई खेल चैंपियन ज्योति ने दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई। आठ तीरंदाजों के विश्व कप सत्र के फाइनल में भारत की 29 वर्ष की ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज को 143-140 से हराया था। वह सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा से 143-145 से हार गई।



### पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा

भारत को पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा हाथ लगी। देश के शीर्ष तीरंदाज ऋषभ यादव शूट-ऑफ में नीदरलैंड के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लोसेर से हारकर कांस्य पदक से चूक गए। दोनों तीरंदाजों ने निर्धारित पांच छोरों पर केवल तीन अंक गंवाए और स्कोर 147-147 से बराबर रहा। शूट-ऑफ भी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ने परफेक्ट 10 अंक बनाए, लेकिन श्लोएसर का तीर केंद्र के करीब लगा, जिससे यादव बहुत कम अंतर से विश्व कप फाइनल में पदक से वंचित रह गए। इस तरह से अभिषेक वर्मा विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय कंपाउंड तीरंदाज बने हुए हैं, जिन्होंने क्रमशः 2015 (मैक्सिको सिटी) में रजत और 2018 (सैमसन) में कांस्य पदक जीता था। रिकर्व वर्ग में किसी भारतीय ने क्वालीफाई नहीं किया है।

**विश्व कप फाइनल में तीसरी बार उतरी थी ज्योतिः** विश्व कप फाइनल में ज्योति तीसरी बार उतरी थी। इससे पहले वह 2022 और 2023 में पहले दौर में बाहर हो गई थी।

**NOTICE**

I, Sushanto Chatterjee S/o Shri Deepak Chatterjee R/o H.No. 190, Gali No. 4A, Block-C, Near Hanuman Mandir, Parvatiya Anchal, Sant Nagar, Burari, Delhi-110084 declare that my correct and actual name is Sushanto Chatterjee. I am also known and called as Sushant. Sushanto Chattrjee & Sushant both names are of one and the same person.

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

**Authorised Dealers:** **South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur:** Singla Hero - 9289922771, **Lajpat Nagar:** Sapphire Hero- 9289923175, **Adchini (Main Mehrauli Road):** Pashupati Hero - 9289922381, **Okhla Phase II:** ARC Hero- 9289922461, **East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra):** Himgiri Hero- 9289922380, **Pushta Kartar Nagar:** Aman Hero- 9289922735, **Dilshad Garden:** RK Hero- 9289923010, **Patparganj Pandav Nagar:** Singla Autoneeds Hero- 9289923222, **North Delhi: Azadpur:** Shraman Hero- 9289923185, **Pitampura:**Shraman Hero – 9289924252,**Rithala (Rohini):** Metro Hero- 9289922597, **Budh Vihar:** JMD Autoworld Hero- 9289924188, **Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road):** EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, **West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh):** Avni Hero- 9289922671, **Paschim Vihar (Peeragarhi):** Shivganga Hero- 9289922796, **Palam Dabri Road (Dwarka):** Singla Hero, 9289922530, **Raja Puri:** Singla Hero-7836078383, **Samalkha:**Singla Hero - 7836078484, **Janak Puri:**Singla Hero - 9911884416, **Tilak Nagar:** Khanna Hero- 9289922383, **Bali Nagar:** Khanna Hero- 9289924309, **Nawada:** Khanna Hero- 9289924310;**Ghaziabad: Meerut, Delhi Road:** Globe Hero- 9289922073, **Shiv Puri, Vijay Nagar:** Aman Hero- 9289232123; **Sahibabad:** Sahib Hero- 9289922486; **Noida: H-206A, Sector 63:** Dhansri Hero- 9289923044, **Sector 5, B 124:** Uppal Hero - 9289922462, **Sector-58 C-70:** Singla Hero- 9289923059; **BulandShahr:Delhi Road:** Shri Durga Hero- 9289922504, **RajeBabu Road:** Krishna Hero- 9289922410, **Hapur:** Globe Hero- 9289923209,**Gurugram: Sec–18, Noble Enclave:** Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, **Basai Road Sector 11:** Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, **Wazirabad:** Himgiri Hero- 9289924247, **Railway Road:** Himgiri Hero- 9289924248; **Sohna: No. 160/2 Delhi Road:** Auto Links Hero- 9289924089; **Faridabad:** Sehgal Hero- 9289922419, **NIT:** Sehgal Hero- 7217627327.

RS/Hero/09/25